राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

कार्यालय ऑफिस
क्रांति समय दैनिक समाचार में प्रेसनोट,नोटिस,वेपार संबंधित संपर्क करें
पता:- एस.टी.पी.आई-सुरत-395023
संपर्क नं.-9879141480
ईमेल:-info.krantisamay@gmail.com

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उत्तरांचल,उत्तराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रकाशित

सुरत-गुजरात,संस्करण बुधवार 05 जुलाई 2023 वर्ष-6,अंक-161 पृष्ठ-08 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संक्षिप्त

### अमेरिका में शूटिंग के दौरान घायल हुए शाहरुख



शाहरुख खान पिछले कुछ दिनों से अमेरिका के लॉस एंजिल्स में अपनी अपकमिंग फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। शूटिंग के दौरान हुए हादसे से शाहरुख खान घायल हो गए हैं। उनकी नाक और चेहरे में गहरी चोट आई है। हादसे के बाद खून रोकने के लिए शाहरुख की अमेरिका में ही एक माइनर सर्जरी हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार हालत में थोड़ा सुधार होने के बाद उन्हें मुंबई वापस लाया गया है। 31 साल के इस लंबे करियर में शाहरुख खान कई बार शूटिंग के दौरान चोटिल हुए हैं। 2017 में रईस की शूटिंग के दौरान उनके घुटने और चेहरे में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें माइनर सर्जरी करवानी पड़ी थी। 2013 में फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस की शूटिंग खत्म हो जाने के बाद उन्होंने 8 सर्जरी करवाई थीं। 2009 में भी चोट लगने पर उनके बाएं कंधे की सर्जरी हुई थी। इस साल की सबसे बड़ी ओपनर फिल्म पठान देने के बाद शाहरुख खान की 3 बड़ी फिल्में 2023 में ही रिलीज होंगी। इनमें जवान, डंकी शामिल हैं। वहीं सलमान खान की टाइगर 3 में भी शाहरुख खान का कैमियो होने वाला है। फिल्म जवान की शूटिंग पूरी हो चुकी है, जिसका पोस्ट प्रोडक्शन जारी है। ये फिल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु भाषा में 7 सितंबर को वर्ल्डवाइड रिलीज होने वाली है।



# महाराष्ट्र : होटल में घुसा कंटेनर

## 38 को कुचला: 10 की मौत

### ब्रेक फेल होने के बाद पहले कार को टक्कर मारी

मुम्बई। महाराष्ट्र के धुले में मंगलवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मुंबई-आगरा हाईवे पर ब्रेक फेल होने की वजह से एक कंटेनर होटल में जा घुसा। हादसे में 38 लोग कंटेनर की चपेट में आ गए। इनमें 10 की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 28 लोग घायल हैं। दुर्घटना शिरपुर तालुका के पलासनेर गांव में दोपहर करीब 12 बजे हुई। मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है।

घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि तेज रफ्तार कंटेनर अपने आगे चल रही एक कार को रौंदता हुआ सड़क किनारे एक होटल में जा घुसता है। घटना के दौरान का वीडियो डरावना है। वीडियो में देखा जा सकता है कि हादसे से पहले मुंबई-आगरा हाईवे पर दूसरा कंटेनर बाएं दिशा में धीमी रफ्तार में आगे बढ़ रहा है। सड़क के किनारे एक और ट्रक खड़ा है।



एक कार इन दोनों को क्रॉस करने ही वाली थी कि बेकाबू कंटेनर पीछे से कार को टक्कर मारता है। फिर होटल में घुसता है। पहले तो कार के चिथड़े उड़ जाते हैं और वह सड़क पर 200 मीटर घिसटती हुई सामने एक डिवाइडर से टकराकर करीब 5 फीट तक हवा में उछल जाती है। इसके बाद ट्रक सड़क किनारे लगे एक होटल में जाकर लोगों को कुचलते हुए पलट जाता है। घटना के दौरान होटल में भीड़ थी। इस वजह से जान-माल का ज्यादा नुकसान हुआ है। हादसे के बाद सड़क के किनारे मृतकों और घायलों की कतार लग गई। कई लोगों का शरीर का हिस्सा अलग-थलग पड़ा हुआ था। घायल घंटों सड़क पर तड़पते नजर आए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना की दौरान कंटेनर की रफ्तार करीब 60-80 किलोमीटर प्रति घंटे रही होगी। कंटेनर पर गिट्टी लदा हुआ था। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद घायलों को अस्पताल भेजा गया और कंटेनर को क्रेन के जरिए हटाया गया। हादसे में होटल पूरी तरह तबाह हो गया।



# वाराणसी पहुंचे सीएम

### वाजिदपुर सभा स्थल का किया निरीक्षण, पीएम के बनारस दौरे की तैयारियों की करेंगे समीक्षा

**संवाददाता**



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 2:36 बजे वाराणसी एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट से 2:42 बजे सभा स्थल के लिए रवाना हुए। सीएम ने वाजिदपुर में सभास्थल का निरीक्षण किया। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो दिवसीय दौरा सात जुलाई को होगा। उनके आगमन से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को काशी पहुंचे हैं। यहां होने वाली जनसभा स्थल वाजिदपुर व अन्य स्थलों का मौका मुआयना किया। भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने बताया कि काशी के सांसद प्रधानमंत्री सात को तीन से चार बजे के बीच आएंगे। यहां करोड़ों की योजनाओं की सौगात देंगे। लोकार्पण शिलान्यास के बाद कुछ लोगों को सरकार की योजनाओं से जुड़े चेक व चाबी भी देंगे। इसके बाद वाजिदपुर में जनसभा करेंगे। जनसभा में 50 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य रखा गया है। शहर की तीनों विधानसभाओं को पांच-पांच हजार का लक्ष्य दिया गया है। जनसभा के बाद बरेका में विश्राम करेंगे। अगले दिन प्रबुद्धजनों से मुलाकात करके चले जाएंगे। इस दौरान बाबा विश्वनाथ और कालभैरव का दर्शन पूजन भी करेंगे।

# सावन के पहले दिन सीएम योगी के किया रुद्राभिषेक व हवन

- जल, दूध एवं ऋतुफल के रस से हुआ रुद्राभिषेक
- देवाधिदेव महादेव से की प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना

**संवाददाता**





**गोरखपुर ।** चराचर जगत पर कृपा बरसाने वाले भगवान भोले शंकर को अति प्रिय पवित्र सावन मास के पहले दिन मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर देवाधिदेव महादेव से प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की प्रार्थना की। मंगलवार प्रातः गोरखनाथ मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में सीएम योगी ने भोलेनाथ को विल्व पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध, ऋतुफल के रस एवं दूध से रुद्राभिषेक किया। मठ के मुख्य पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी व अन्य आचार्य एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की।

# अमित शाह ने सैनिक स्कूल का किया शिलान्यास

### बोले- यहां भारत माता की सेवा करने वाले होंगे पैदा





**मेहसाणा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के मेहसाणा में देश के पहले सहकारिता से संचालित सैनिक स्कूल का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने वर्चुअल माध्यम से लोगों को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में देश के विकास की गति बढ़ी है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकास की प्रक्रिया में सहकारी समितियों, कॉर्पोरेट्स, गैर सरकारी संगठनों के साथ आम जन को भी शामिल किया है। आगे उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने न केवल भारत को विकसित करके देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि देश के विकास में प्रत्येक भारतवासी को शामिल कर-के महान कार्य किया है। यह सैनिक स्कूल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश में सार्वजनिक-निजी भागीदारी के आधार पर सौ नए सैनिक स्कूल खोलने की अपील के सम्मान में शुरू किया गया है। अमित शाह ने कहा कि सैनिक स्कूल छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत से भारत माता की सेवा के लिए तैयार करेगा। इन स्कूलों में भारत माता सेवा करने वाले छात्र पैदा होंगे। उन्होंने कहा, नया स्कूल छात्रों को सुरक्षा, देशभक्ति और बहादुरी के बारे में सीखने में मदद करेगा। केंद्रीय मंत्री ने नए स्कूल की स्थापना के लिए मदद करने वाले दूधसागर डेयरी दुग्ध सहकारी समिति, इसके अध्यक्ष अशोक चौधरी और पूरे बोर्ड को बधाई दी । आगे कहा कि पीएम मोदी ने उत्तरी गुजरात में पानी की कमी को दूर करने के लिए कई पहल कीं, जो भूजल स्तर में गिरावट के कारण गंभीर संकट का सामना कर रहा था। उन्होंने कहा, यह क्षेत्र एक अंधेरे क्षेत्र में बदल गया है और लोगों को डर है कि यह कच्छ की तरह रेगिस्तान में बदल जाएगा। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्य के वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। यह सैनिक स्कूल, मेहसाणा नगर से ग्यारह किलोमीटर दूर बोरीयावी गांव में प्रमुख सहकारी दूध सागर डेयरी द्वारा 75 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा।

# जयपुर में विदेशी महिला से छेड़छाड़



**जयपुर ।** विदेशी महिला के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। होटल से लौटते वक्त एक टैक्सी ड्राइवर महिला का पीछा करने लगा। फिर पैदल जा रही इस महिला के गले में हाथ डालकर अश्लील हरकत करने लगा। टैक्सी ड्राइवर की इस हरकत का वीडियो दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने ट्वीट किया। इसके साथ ही जयपुर के विधायकपुरी पुलिस ने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। आरोपी टैक्सी ड्राइवर के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। एसएचओ (विधायकपुरी) भारत सिंह राठौड़ ने बताया- दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने एक वीडियो ट्वीट किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और राजस्थान पुलिस को टैग भी टैग किया गया है। 28 सेकेंड के वीडियो में दिखाई दे रहा है कि दिन के समय एक विदेशी महिला अपने साथी के साथ पैदल होटल जा रही है। इस बीच एक ट्रैक्सी ड्राइवर उनका पीछा कर साथ चलने लगता है। विदेशी महिला से बातचीत करते हुए उसके गले में हाथ डाल लेता है। इसके बाद महिला का हाथ पकड़कर गलत तरीके से छूता है। विदेशी महिला आपत्ति जताते हुए उसको दूर हटाने की कोशिश करती है। उसके बाद भी वह छेड़छाड़ करते हुए विदेशी महिला के होटल तक जा पहुंचता है।

### बीजेपी संगठन में बड़े बदलाव

# चार राज्य के प्रदेशाध्यक्ष बदले




**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को संगठन में बड़े बदलाव किए। इस दौरान केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी को तेलंगाना के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। एनटीआर की बेटी और तेदेपा अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू की रिश्तेदार डी. पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी झारखंड और सुनील जाखड़ पंजाब के पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा एटाला राजेंदर को तेलंगाना भाजपा के चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष और आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री किरण कुमार रेड्डी को भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। इससे पहले 28 जून को देर रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष के साथ बैठक की थी। इस बैठक से भी पहले अमित शाह ने नड्डा, बीएल संतोष और आरएसएस के एक शीर्ष पदाधिकारी अरुण कुमार के साथ कम से कम पांच मैराथन बैठक की थी।

# यूपी के 200 श्रद्धालुओं की अमरनाथ यात्रा शुरू


### फर्जी डॉक्यूमेंट्स होने पर 4 दिन से रुके पड़े थे, विधायक नंदकिशोर गुर्जर के हस्तक्षेप पर मिले यात्रा कार्ड

**संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जम्मू के अमरनाथ यात्री निवास शिविर में फर्जी रजिस्ट्रेशन की वजह से रुके गाजियाबाद-मुजफ्फरनगर जिले के 200 श्रद्धालुओं को आखिरकार तीन दिन बाद राहत मिली है। इखढ विधायक नंदकिशोर गुर्जर के हस्तक्षेप के बाद इन सभी श्रद्धालुओं को यात्रा कार्ड प्रदान कर दिए गए हैं। आज सुबह से इन श्रद्धालुओं की यात्रा प्रारंभ हो गई है। अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू से पहला जत्था 30 जून को रवाना हुआ। दूसरा जत्था एक जुलाई को गया। इस बीच 300 यात्री जम्मू में फंसे रह गए। इसमें करीब 200 श्रद्धालु गाजियाबाद जिले के रहने वाले थे। कुछ श्रद्धालु मुजफ्फरनगर समेत यूपी व दिल्ली के अन्य इलाकों के थे। इन श्रद्धालुओं का कहना था कि कुछ टूर ऑपरेटर्स ने अमरनाथ यात्रा के ऑनलाइन पैकेज के नाम पर प्रत्येक से 7-7 हजार रुपए लिए। जब जम्मू में इन अमरनाथ यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की गई तो वे फर्जी पाए गए। पता चला कि टूर ऑपरेटर्स ने रुपए लेकर फर्जी दस्तावेज थमा दिए थे। दरअसल, ये सभी श्रद्धालु RFID कार्ड लेने के लिए पंजीकरण केंद्रों में पहुंचे थे, लेकिन श्राइन बोर्ड के पोर्टल पर इनका कोई डेटा नहीं मिला। जिसके बाद जम्मू के सांबा पुलिस स्टेशन ने अज्ञात लोगों पर त्रक्षक्र दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में मुजफ्फरनगर से संचालित होने वाली विकास



बस सेवा के एजेंट राहुल भारद्वाज का नाम भी सामने आया, जिसने प्रत्येक श्रद्धालु से 7 हजार रुपए लेकर अमरनाथ यात्रा का फर्जी परमिट थमा दिया था। जम्मू बेस कैंप में फंसे गाजियाबाद के कुछ श्रद्धालुओं ने वीडियो जारी करके लोनी (गाजियाबाद) के इखढ विधायक नंदकिशोर गुर्जर से मदद करने की गुहार लगाई थी। श्रद्धालुओं ने विधायक से कहा कि वे प्रशासन से बात करके हमारी यात्रा सफल कराएं। श्रद्धालुओं का कहना था कि हम निर्धारित पैसे लेकर चले थे। अतिरिक्त दिन जम्मू में कैसे रुक पाएंगे। यहां अधिकारी झूठे आश्वासन दे रहे हैं। श्रद्धालुओं की परेशानी देख विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्हें ट्रेवल एजेंट की करतूत के बारे में बताया और श्रद्धालुओं को इस परेशानी से निकालने का आग्रह किया। विधायक ने बताया कि सभी श्रद्धालुओं को यात्रा कार्ड जारी कर दिए गए हैं। मंगलवार सुबह इन श्रद्धालुओं की यात्रा प्रारंभ हो गई है।



# मनोविज्ञान की फील्ड में बना सकते हैं करियर

मनोविज्ञान का क्षेत्र है, जिसमें प्रत्येक आयुवर्ग के लोग विशेषज्ञता हासिल कर अपना करियर बना सकते हैं। इसमें मानव मन और व्यवहार का अध्ययन किया जाता है। मसलन, मस्तिष्क तनाव में कैसे काम करता है, यह कैसे भाषा सीखता है, तथ्यों को कैसे याद रखता है या किसी भी तरह की मानसिक बीमारी इसके काम करने के तरीके को कैसे प्रभावित कर सकती है। इस सेक्टर में विशेषज्ञता और रुचियों के आधार पर मनोविज्ञान डिग्री धारकों के लिए कई अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं, जो कि इस प्रकार हैं-

- मनोविज्ञानी
- मनोचिकित्सक
- समाज सेवक
- काउंसलर
- शैक्षिक मनोवैज्ञानिक
- मानव संसाधन प्रबंधक
- अध्यापक
- अनुसंधान भूमिकाएं
- मीडिया भूमिकाएं
- मनोविज्ञान में करियर

मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद छात्र पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, मेंटल हेल्थ स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करियर बना सकते हैं। यहां पर वे सलाहकार, अनुसंधान-आधारित, उपचार-आधारित या चिकित्सीय की भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा मीडिया और अन्य रचनात्मक फील्ड में नौकरियों सहित मनोविज्ञान स्नातकों के लिए कई ऑप्शन भी हैं।

## चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक

एक चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक के तौर पर आप व्यावसायिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। यहां आप सभी पृष्ठभूमि के लोगों, रोगियों और क्लाइंट के साथ काम कर सकते हैं। इसके अंतर्गत आप कुछ मनोवैज्ञानिक मुद्दों पर बेहतर ढंग से समझने और सलाह देने के लिए आप व्यवहार, विचारों और भावनाओं का विश्लेषण कर सकते हैं। हालांकि यदि आप मनोचिकित्सक बनना चाहते हैं तो इसके लिए आपको मेडिकल डिग्री हासिल करने की आवश्यकता होगी।

## मनोचिकित्सक

एक मनोचिकित्सक के तौर आपको व्यक्तियों, जोड़ों, समूहों या परिवारों के साथ काम करता होगा। जिससे आप अपने क्लाइंट्स को भावनात्मक और रिश्ते से संबंधित मुद्दों, तनाव और यहां तक कि व्यसन सहित मनोवैज्ञानिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सके। इनमें संज्ञानात्मक व्यवहार विधियां, मनोविश्लेषणात्मक और मनोगतिक चिकित्सा, साथ ही कला चिकित्सा, नाटक चिकित्सा, ह्यूमनिस्टिक और एकीकृत मनोचिकित्सा, सम्मोहन-मनोचिकित्सा और अनुभवात्मक चिकित्सा शामिल हैं।

## समाज सेवक

एक सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर आपको ऐसे लोगों की स्थितियों में सुधार लाने के लिए काम करना होगा, जो अपने जीवन में कठिन दौर से गुजर रहे हैं। ये कोई भी हो सकते हैं जैसे बच्चों या बुजुर्गों का या ऐसा ही अन्य कोई ग्रुप, विकलांग लोगों और अपराध और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों सहित अन्य कई। सामाजिक कार्यकर्ता स्कूलों, घरों, अस्पतालों या अन्य सार्वजनिक एजेंसियों के भीतर काम कर सकते हैं।

## काउंसलर

एक काउंसलर लोगों को उनके जीवन, भावनाओं और अनुभवों के साथ बेहतर तरीके से सामंजस्य बिठाने में मदद करता है। यहां पर क्लाइंट की बातों को ध्यान से सुनना एक काउंसलर के लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। एक काउंसलर में सुनने, सहानुभूति देने, सम्मान और धैर्य प्रदान करने की क्षमता साथ विश्लेषण करने की क्षमता होनी जरूरी है, ताकि क्लाइंट को उनकी स्थिति से बेहतर तरीके से निपटने में सक्षम बनाया जा सके। एक काउंसलर अक्सर विवाह और परिवार, स्वास्थ्य, दुर्व्यवहार, पुनर्वास, शिक्षा, दुख, मानसिक स्वास्थ्य, करियर मार्गदर्शन और बाल रोग सहित अनेक क्षेत्र शामिल हैं।

## शिक्षा में मनोविज्ञान करियर

मनोविज्ञान कोर्स के बाद आप शिक्षा के क्षेत्र में भी जा सकते हैं। यहां आप शिक्षा के साथ-साथ शैक्षिक चिकित्सा, शैक्षिक मनोविज्ञान और शिक्षा के भीतर सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान स्नातक प्राथमिक, माध्यमिक या कॉलेज, यूनिवर्सिटी स्तर की शिक्षा में काम कर रहे शिक्षकों के रूप में कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा जेल के अंदर के युवा अपराधियों को ठीक करने के लिए काम कर सकते हैं। वहीं महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में करियर में प्रवेश करने के लिए आपको मास्टर / पीएचडी योग्यता की आवश्यकता होगी। उच्च शिक्षा के अंतर्गत आप शिक्षण या रिसर्च दोनों ही क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

## रिसर्च में करियर

मनोविज्ञान के तौर पर आप रिसर्च एजेंसियों, पब्लिक और प्राइवेट ऑर्गनाइजेशन या विश्वविद्यालयों में रिसर्च कर सकते हैं। सभी क्षेत्रों के भीतर रिसर्च करियर और भी व्यापक हैं, इसमें सरकारी नीति विकास या उद्योग के लिए काम कर सकते हैं। आप एक चैरिटी या अन्य गैर-लाभकारी संगठन के लिए भी काम कर सकते हैं जो भाषण बाधाओं, मस्तिष्क क्षति, बाल विकास या मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य पर कानूनी और अवैध दवाओं के प्रभाव जैसी चुनौतियों को हल करने के लिए रिसर्च कर रहे हैं।

## मीडिया और विज्ञापन करियर

मनोविज्ञान डिग्री होल्डरों के लिए मीडिया में भी विविध करियर हैं। मनोविज्ञान स्नातक मानव व्यवहार को लेकर कंपनी के लिए कई महत्वपूर्ण बातें बता सकते हैं। साथ ही समस्याओं का विश्लेषण करने, ध्यान से सुनने, प्रतिक्रिया देने और सहानुभूति और कारण के साथ कार्य करने की क्षमता प्रदान कर सकते हैं। इस वजह से, प्रबंधन, उत्पादन, शेड्यूलिंग और लेखन सहित सभी विभागों के भीतर मनोविज्ञान स्नातकों की मांग होती है।

## मानव संसाधन और संचार करियर

मनोविज्ञान की डिग्री के साथ ह्यूमन रिसोर्स और कम्युनिकेशन करियर भी एक अच्छा विकल्प है। पब्लिक और प्राइवेट दोनों क्षेत्रों में उपलब्ध इन भूमिकाओं में कर्मचारी संतुष्टि, व्यावसायिक विकास, प्रशिक्षण, भर्ती, पीआर, पेरोल और आंतरिक संचार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए।



# इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते हैं क्या है प्रवेश प्रक्रिया

अगर आप भी इंटरनेशनल रिलेशन में पीएचडी करना चाहते है तो मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक आवश्यक है। इसके अलावा इंटरनेशनल रिलेशन से संबंधित विषयों में पोस्ट ग्रेजुएशन या एम. फिल की डिग्री होनी चाहिए। यह 3-5 साल का कोर्स होता है। इसमें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, अंतर्राष्ट्रीय संबन्ध, और विभिन्न देशों के बीच सम्बन्ध के कारकों और पहलुओं का अध्ययन और विश्लेषण किया जाता है। अगर आप भी इंटरनेशनल स्टडीज में पीएचडी करके राजनयिक के तौर पर काम करना चाहते है तो आइये जानते है इसमें नामांकन के लिए क्या योग्यताएं होनी चाहिये।

## योग्यता

- संबंधित विषय में एम फिल की डिग्री या पोस्ट ग्रेजुएशन होना चाहिए।
- उम्मीदवार के पास मास्टर डिग्री में न्यूनतम 55% अंक होना आवश्यक है।
- विश्वविद्यालयों द्वारा भी परीक्षाएं आयोजित कराई जाती है।
- आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों के लिए 5% अंकों की छूट दी जाती है।
- यूजीसी-नेट जैसी राष्ट्रीय परीक्षाओं भी आयोजित की जाती हैं।
- प्रवेश परीक्षा के बाद साक्षात्कार होता है अगर आपने उसमें अच्छा स्कोर किया तो आपको स्कॉलरशिप भी मिल सकती है।

## रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज के लिए भारत के टॉप कॉलेजों द्वारा अपनाई जाने वाली एडमिशन प्रोसेस इस प्रकार है

- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाएं।
- ऑफिशयल वेबसाइट पर जाने के बाद आवेदन फॉर्म भरें।
- फार्म को ध्यान से भरें नहीं तो आपका फार्म रिजेक्ट हो सकता है
- सभी दस्तावेज जो भी मांगे गए है उनको अपलोड करिये।
- ऑनलाइन फॉर्म की फीस जमा करें।
- फार्म को सबमिट करें।

## प्रवेश परीक्षा

अगर आप किसी अच्छी यूनिवर्सिटी में प्रवेश लेना चाहते है तो प्रवेश परीक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ेगा। रजिस्ट्रेशन के बाद एडमिट कार्ड जारी किये जाते है। जिनमे परीक्षा की सारी जानकारी होती है। प्रवेश प्रक्रिया सीएसआईआर यूजीसी नेट, एसआईयू पीईटी, एमिटी यूनिवर्सिटी पीईटी जैसे एंट्रेंस एग्जाम पर निर्भर करती है।

## प्रवेश प्रक्रिया

परीक्षा परिणाम के लिए आप वेबसाइट से जानकारी प्राप्त कर सकते है, प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है। साक्षात्कार में सफल होने के बाद डॉक्टरेट स्तर पर इंटरनेशनल स्टडीज का अध्ययन करने के लिए एडमिशन दिया जाता है।

## पीएचडी इन इंटरनेशनल स्टडीज- सिलेबस

- एडवांस्ड थ्योरी ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन
- एडवांस्ड रिसर्च मेथेड
- फेमिनिस्ट इंटरनेशनल रिलेशन
- थिसिस
- शांति और संघर्ष अध्ययन

## देश के कुछ टॉप कॉलेज

- झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय
- सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, पुणे
- लाजपत राय लॉ कॉलेज
- शिव नादर विश्वविद्यालय
- गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय
- रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- कलिंग विश्वविद्यालय
- पंजाब विश्वविद्यालय
- पी.पी. सवानी विश्वविद्यालय
- यूएनओएम, मद्रास विश्वविद्यालय
- गुरु नानक देव विश्वविद्यालय

क्रिएटिव राइटिंग सिर्फ शौक ही नहीं, करियर भी बन सकता है। इसी के साथ जुड़ा हुआ है एक और करियर, जो है ट्रांसलेटर यानी अनुवादक का। इसके लिए तो अनेक संस्थानों में काफी स्कोप रहता है।



# करियर भी बना सकता है क्रिएटिव राइटिंग का शौक

## कहां है मांग?

रेलवे, बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों (पीएसयू) आदि में अनुवादकों की अच्छी डिमांड रहती है। आप चाहें, तो फ्रीलांसर के तौर पर भी काम कर सकते हैं। वहीं इंटरप्रेटर के रूप में खुद को तैयार करके आप विभिन्न देशों के दूतावासों तथा विदेशी कंपनियों में जॉब पा सकते हैं। यह एक दिलचस्प जॉब है, जिसमें हर दिन कुछ नया सीखने को मिलता है। अभ्यास बहुत जरूरी लेखक बनने का हुनर कई लोगों में जन्मजात होता है मगर इस हुनर को मांजना बहुत जरूरी है। हर लिखने वाला प्रभावशाली नहीं होता। अगर आप भी बतौर क्रिएटिव राइटर करियर बनाना चाहते हैं, तो सरल, सहज और प्रभावी लिखने का अभ्यास करते रहें। पुराने क्लासिक्स से लेकर नए, प्रमुख लेखकों की किताबें तथा पत्र-पत्रिकाओं मे छपने वाले उनके कॉलम जरूर पढ़ते रहें। आप जितना ज्यादा पढ़ेंगे, उतना ही आपका लेखन निखरेगा। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि आप सीखें सबसे लेकिन लिखते समय अपनी मौलिक पहचान जरूर बनाए रखें। आपके लेखन में किसी अन्य लेखक की नकल या प्रभाव नहीं दिखना चाहिए।

## कहां से पढ़ें?

यदि आप करियर के तौर पर क्रिएटिव राइटिंग या ट्रांसलेशन को अपनाना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि आप इसके लिए बाकायदा कोर्स कर लें। क्रिएटिव राइटिंग का कोर्स इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय तथा अन्य प्रमुख विश्वविद्यालयों से किया जा सकता है। वहीं ट्रांसलेटर या इंटरप्रेटर बनने के लिए आपको केंद्रीय हिंदी संस्थान या किसी अन्य आधिकारिक संस्थान से अनुवाद का कोर्स करना होगा।



अगर आप सक्सेसफुल करियर बनाना चाहते हैं, तो आपके अंदर बेहतर कम्युनिकेशन स्किल का होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक अच्छी कम्युनिकेशन स्किल से आप अपने करियर को उच्च स्तर तक ले जा सकते हैं। कम्युनिकेशन स्किल आपकी पर्सनेलिटी का ही हिस्सा है, इसलिए अपनी पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए आपको अपनी कम्यूनिकेशन स्किल भी बेहतर करनी होगी।



# पर्सनालिटी को इंप्रूव करने के लिए जरूरी है कम्युनिकेशन स्किल

कम्युनिकेशन स्किल बातचीत करना की एक कला है। ये बिल्कुल भी जरूरी नही है कि हर इंसान को बात करने की कला या सही तरीका आता हो। कम्युनिकेशन स्किल का डिग्री और पढ़ाई-लिखाई से भी कुछ लेना देना नहीं है, क्योंकि ये जरूरी नही है कि हर पढ़े-लिखे और डिग्रीधारी शख्स की कम्युनिकेशन स्किल अच्छी ही हो। लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखकर इसमें सुधार जरूर किया जा सकता है।

## बॉडी लैंग्वेज सही रखें

यह एक तरह का नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन होता है, जिसमें आप बिना कुछ बोले बॉडी के हाव-भाव से सब कुछ कह देते हैं। बॉडी लैंग्वेज को देखकर आप सामने वाले पर्सन के बारे में सब कुछ समझ जाते हैं, तो अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को बढ़ाना चाहते हैं तो आपको अपनी बॉडी लैंग्वेज को सही रखना जरूरी है। अपनी बॉडी लैंग्वेज के द्वारा आप सामने वाले को अपनी बात आसानी से समझा सकते हैं, लोगों से बात करते समय या मीटिंग्स में जेब में हाथ डालकर या हाथों को फोल्ड करने नहीं रखना चाहिए है आपको सामने वाले को अपनी बात समझाने के लिए अपनी बॉडी लैंग्वेज का सही तरह से यूज करना चाहिए।

## दूसरों की बातें ध्यान से सुनें

अगर आप अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को इंप्रूव करना चाहते हैं तो आपको कोई दूसरों भी बात को भी बहुत ही ध्यान से सुनना होगा। इससे आप उसकी बातों को अच्छे से समझ सकेंगे। शुरुआत में बात करते समय आपसे कुछ गलतियां भी हो सकती हैं, लेकिन जब आप डेली प्रैक्टिस करते रहेंगे तो गलतियां कम होंगी और आप सही से कम्युनिकेशन कर सकेंगे। इसीलिए किसी भी बात को अच्छे से सुनिए फिर बोलना सीखिए।

## सामने वाले को समझें

अगर आप किसी से कम्युनिकेशन कर रहे है, तो आपको उसकी बातों को अच्छे से समझने के साथ उसे भी समझना होगा कि वो आपसे क्या कहना चाहता है। तभी आप उसके साथ कम्युनिकेशन कर पाएंगे। इसलिए पहले सामने वाले पर्सन की बातों को अच्छे से समझें कि वो क्या कहना चाहता है, कैसा एक्सप्रेशन दे रहा है और उसको अच्छे से समझने के बाद आप अपना जवाब दें।

## सही शब्दों का प्रयोग करें

किसी से बात करते समय आपको सही शब्दों का यूज करना चाहिए। इसके लिए डेली नये शब्दों को सीखें और उन्हें लोगों से बात करते समय यूज करें। स्टार्टिंग में आपको लोगों से बात करते समय अपनी आवाज को स्लो रखना है और सही शब्दों को बोलना है, बहुत बार ऐसा होता है कि जल्दी-जल्दी में लोग कम्युनिकेशन करते समय गलत शब्दों का प्रयोग कर जाते हैं, आपको धीरे बोलना है और अपने शब्दों को स्पष्ट बोलना है। जिससे सामने वाला व्यक्ति आपकी बात को अच्छे से समझ सके।



## रोज प्रैक्टिस करें

अगर आप दिल से अपनी कम्युनिकेशन स्किल को इम्प्रूव करना चाहते हैं, तो आपको डेली प्रैक्टिस करनी होगी। आपको डेली कम्युनिकेशन के कुछ वर्ड्स याद करने होंगे और इन याद किये गये वर्ड्स को हफ्ते में 2 बार दोहराना होगा। क्योंकि अगर आप एक बार पढ़ने के बाद इन्हें दोबारा देखेंगे नहीं तो भूल जायेंगे। रोज थोड़ा टाइम अपनी कम्युनिकेशन पर दीजिए, डेली कुछ नये वर्ड्स सीखिए। इससे आपकी कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होगी।

## प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करें

चाहे आपका फ्रेंड हो या कोई अन्य व्यक्ति, किसी से भी बात करते समय ध्यान रखें कि आपको प्वॉइंट टू प्वॉइंट बात करना है। किसी से बात करना होता है तो आपको बिना डरे खुल कर बात करना चाहिए। अगर आप इधर उधर की बात करेंगे तो जिस प्वाइंट पर आप बात करना चाहते हैं, उसपर नहीं कर पाएंगे। साथ ही सामने वाला व्यक्ति भी कंफ्यूज रहेगा।

## आई कांटेक्ट रखें

यह ध्यान रखें कि आप जब भी किसी से बात करें तो सामने वाले से आई कांटेक्ट बनाये रखें। इससे हमारी सिंसेरिटी और इंटरेस्ट दिखाई देता है और साथ ही हमारे इमोशन्स भी साफ-साफ दिखाई देते हैं। ये हमारी कम्युनिकेशन स्किल्स को भी इफेक्टिव बनती है। वहीं ऐसे बात करते समय आपका कॉन्फिडेंस भी बढ़ता है।

## कॉफिडेंट रहें

किसी से बात करते समय कॉफिडेंट रहना जरूरी होता है। यह तभी हो पाएगा जब आप निडर होंगे, श्योर होंगे और जब आप बाहर की आवाजों पर डिपेंडेंट नहीं होंगे। इसीलिए स्टार्टिंग में जब भी आप किसी से बात करें, तो अपनी गलतियों से डरे नहीं, क्योंकि गलतियां होना एक नार्मल बात है, लेकिन जब धीरे-धीरे आप बोलना सीख लेंगे, आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स अच्छी हो जाएगी तो आप पूरे कॉन्फिडेंस के साथ किसी भी फंक्शन में, पार्टी में, मीटिंग्स में या कहीं पर भी बोल सकेंगे।

Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



# फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में प्रियामणि

वेब सीरीज द फैमली मैन के बाद सर्वम शक्तिमय में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस प्रियामणि अपकमिंग फिल्म जवान के लेकर सुर्खियों में हैं। उनके फैंस उन्हें शाहरुख खान के साथ पर्दे पर देखने के लिए बेताब है। प्रियामणि साउथ की वो एक्ट्रेस हैं, जो ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से तौबा करती हैं।

इस एक्ट्रेस ने अपनी फिल्मों में नो किसिंग पॉलिसी कायम रखा है। ऐसा उन्होंने क्यों किया है इसके पीछे की कई वजह हैं, जिसका खुलासा एक्ट्रेस ने खुद किया है। प्रियामणि ने न केवल साउथ बल्कि बॉलीवुड में भी अपने अभिनय का परचम लहराया है। प्रियामणि ऑनस्क्रीन किसिंग या इंटीमेट सीन्स से दूर रहती हैं। उन्होंने बाकायदा अपने कॉन्ट्रेक्ट में नो किसिंग क्लॉज एड किया हुआ है।

क्यों ऐसा उन्होंने किया आप भी जान लीजिए जवान एक्ट्रेस ने हाल ही में बताया कि उनके हाथ से कई प्रोजेक्ट्स के ऑफर थे, जिनमें उन्हें इंटीमेट सीन करने की जरूरत थी। लेकिन उन्होंने इन ऑफर्स से साफ इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑनस्क्रीन गालों पर किस करने से ज्यादा कुछ भी करने से बचना उनकी निजी पसंद है। नो किसिंग पॉलिसी के बारे में प्रियामणि ने आगे कहा, मैं ऑनस्क्रीन किस नहीं करूंगी। इसके लिए मेरी तरफ से हमेशा ना हैट। उन्होंने कहा कि मैं ये अच्छे से जानती हूं कि ये सिर्फ एक रोल और मेरा काम है, लेकिन निजी तौर पर अगर कहूं तो, मुझे ऑनस्क्रीन किसी दूसरे आदमी को किस करना पड़े तो मैं बिलकुल सहज नहीं रहूंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शादीशुदा हूं और मुझे अपने पति के प्रति जवाबदेह होना होगा।

उन्होंने आगे कहा, मैं जानती हूं कि जब भी वो प्रोजेक्ट आउट होगा तो मेरी दोनों तरफ की फैमिली इसे देखेंगी। वो भी जानते हैं कि यह मेरा काम है, लेकिन मैं असहज महसूस नहीं करना चाहती। वो लोग देखकर सोचेंगे कि शादीशुदा होने के बावजूद हमारी बहू ये सब क्यों कर रही है? कोई और उसके ऊपर हाथ क्यों रख रहा है? वो लोग कुछ भी नहीं कहेंगे, पर यह मेरी पर्सनल चॉइस है। प्रियामणि ने 23 अगस्त 2017 में मुस्तफा राज के साथ शादी की है।



# रणवीर सिंह ने की एक मजेदार रील शेयर

फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म के गाने पर एक्टर रणवीर सिंह ने एक मजेदार रील शेयर कर फैंस का दिन बना दिया है। दरअसल, कुछ दिन पहले रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पहला गाना तुम क्या मिले रिलीज हुआ है। इस गाने को लोगों ने काफी पसंद किया था। आलिया भट्ट ने भी गाने के प्रमोशन के लिए इस पर एक रील बनाया था। वह समंदर के किनारे इस गाने पर गुनगुनाती हुई नजर आई थीं। एक्ट्रेस ने रील के साथ कैप्शन में लिखा था, पहले पहाड़ों पर और अब बीच पर... हम तो गाते रहेंगे। ये काफी वायरल हुआ था। अब रणवीर सिंह ने आलिया भट्ट की तरह एक रील शेयर किया है, बस फर्क वीएफएक्स का है। रणवीर ने मजे में कहा कि उनका आलिया की तरह बजट नहीं है, इसलिए उन्होंने वीएफएक्स के जरिए समंदर के किनारे तुम क्या मिले गाने पर रील बनाया।

शॉर्ट हेयर और शर्ट-जींस में रणवीर बहुत हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो को शेयर करते हुए रणवीर ने कैप्शन में लिखा, आलिया के रील जितना बजट नहीं था। उन्होंने आलिया को टैग भी किया। गंगूबाई एक्ट्रेस ने रणवीर के वीडियो पर कमेंट कर उन्हें लीजेंड बताया। साथ ही इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी रील रीशेयर कर हाहाहा लिखा है। रणवीर सिंह के इस वीडियो पर लोगों ने मजेदार रिएक्शन दिया। किसी को रणवीर शॉर्ट हेयर में हैंडसम लगे, तो वहीं कुछ लोगों ने कहा कि आदिपुरुष से बेहतर रणवीर के रील का वीएफएक्स है।

एक और यूजर ने मजे लेते हुए कहा, रणवीर सिंह भाई ये कोई तरीका है आदिपुरुष की वीएफएक्स टीम को ट्रोल करने का। एक ने कहा, आदिपुरुष टीम अभी भी आपको सर्च कर रही है। बता दें कि रणवीर सिंह की गिनती बॉलीवुड के उम्दा कलाकारों में होती है। शायद ही कोई सितारा है, जो उनकी एनर्जी से भरी वाइब्स को मैच करता हो। इन दिनों एक्टर अपनी फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को लेकर सुर्खियों में हैं।

# वो हर बात पर अपनी नाक घुसाती है:आलिया

## –नवाजुद्दीन की पत्नी ने कंगना पर निकाली भडास

बालीवुड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी ने कंगना पर जमकर भड़ास निकाली है ।हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में नजर आईं आलिया सिद्दीकी ने एक इंटरव्यू में कंगना पर तंज कसते हुए कहा, 'मैं उस पर ध्यान नहीं देती। क्योंकि मेरी नजरों में उनकी कोई वैल्यू नहीं है। मैं उन्हें तवज्जो नहीं देती, क्योंकि उसकी बात में दम तो होता नहीं है। वो हर जगह हर किसी से पंगे लेती रहती हैं। वो बस हर बात पर अपनी नाक घुसाती हैं। आलिया ने आगे कहा, 'कंगना के अलावा किसी और ने कुछ नहीं बोला, क्योंकि उन्हें अपनी फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' को सपोर्ट करना था। बेशक, वो प्रोड्यूसर हैं, उन्हें फिल्म बचाना है, तो वो आवाज उठाएगी ही, लेकिन वह हमेशा गलत चीजों पर आवाज उठाती हैं। ऐसे में मेरी नजर में उसकी कोई कीमत मेरी नहीं है। आपको याद दिला दें, कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को उस वक्त सपोर्ट किया था, जब आलिया ने बंगले के गेट के बाहर खड़े एक्टर का वीडियो शेयर किया थ। इस वीडियो में नवाजुद्दीन गेट के बाहर खड़े होकर आलिया से बात करते हुए नजर आ रहे थे। वीडियो में दोनों के बीच काफी बहस सुनने को मिली थी। नवाजुद्दीन को सपोर्ट करते हुए कंगना ने कहा था, 'जब नवाज जैसे बड़े स्टार को उनकी ही पत्नी ऐसे अपमानित कर रही है तो ये सब देखकर मुझे रोना आ रहा था। बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी और उनकी पत्नी आलिया सिद्दीकी की शादीशुदा लाइफ काफी समय से उलझी हुई है। सोशल मीडिया पर आलिया और नवाजुद्दीन ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए थे। दोनों के मेटर में पिछले दिनों एक्ट्रेस कंगना रनौत ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को सपोर्ट किया था।






# बेटे और पति संग लंदन की सड़कों में दिखी सोनम

सोनम कपूर इन दिनों लंदन में फैमिली टाइम स्पेंड कर रही हैं, जहां से उन्होंने पति और बेटे संग बिताए खूबसूरत पलों की तस्वीरें अपने प्रशंसकों के साथ शेयर की हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को यूजर्स खूब पसंद भी कर रहे हैं। सोनम कपूर ने अपने इंस्टग्राम की स्टोरी पर यह तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि सोनम पति आनंद अहूजा और बेटे वायु के साथ लंदन के नोटिंग हिल्स में वॉक कर रही हैं। इस दौरान सोनम ने ब्लैक ओवरसाइज शर्ट और स्नीकर्स के साथ ट्रैक पैंट पहना है। वहीं आनंद टी-शर्ट और ट्रैक सूट में दिख रहे हैं। जबकि इनका लाडला को-ऑर्ड सेट पहने दिख रहा है। सोनम ने बेटे वायु को गोद में लिया हुआ है, जिस पर पापा आनंद खूब प्यार उड़ेल रहे हैं। कई तस्वीरों में आनंद अपने बेटे को कंधे पर उठाए घुमा रहे हैं।

# जेनिफर बोली कुक का प्रपोज करना रोमांचक क्षण था



एक्ट्रेस जेनिफर लॉरेंस ने कुक मैरोनी के प्रस्ताव पर अपनी प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा, भयानक, लेकिन बहुत, बहुत रोमांचक था। मैंने वह नहीं कहा जो मैं कहना चाहती थी। मैंने लाखों बार इसकी कल्पना की और फिर आखिर में बस यही कहा, क्या? क्या? क्या? और फिर कहा, धन्यवाद, धन्यवाद, धन्यवाद। जब कुक उन्हें प्रपोज किया, तो वह उनके लिए एक भयानक और रोमांचक क्षण था। जानकारी के अनुसार, 32 वर्षीय लॉरेंस यूट्यूब सीरीज चिकन शॉप डेट के लेटेस्ट एपिसोड में बोल रहीं थी। लॉरेंस ने बताया, वह मेरे पूरे जीवन में अब तक के सबसे अच्छे व्यक्ति हैं। लॉरेंस और मैरोनी ने फरवरी 2022 में अपने पहले बच्चे साइ का स्वागत किया। बता दें कि न्यूयॉर्क शहर में एक आर्ट-गैलरी निदेशक लॉरेंस और मैरोनी जून 2018 से रोमांटिक रूप से जुड़े हुए हैं। उन्होंने फरवरी 2019 में सगाई की और उसी साल अक्टूबर में शादी के बंधन में बंध गए।

# अरशद अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में



आजकल एक्टर अरशद वारसी अपनी वेब सीरीज असुर 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने फिल्म जॉली एलएलबी 2 और बिग बॉस में रिप्लेस किए जाने पर बात की है। अरशद वारसी बिग बॉस के पहले होस्ट रहे हैं। उन्होंने पहला सीजन होस्ट किया था, लेकिन फिर वह रिप्लेस कर दिए गए। इसके बाद बिग बॉस को शिल्पा शेट्टी, अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसे सितारों ने होस्ट किया। पिछले एक दशक से होस्टिंग की कुर्सी पर सलमान खान का दबदबा है। अरशद ने कहा- मैं बिग बॉस का अगला सीजन नहीं कर सका, क्योंकि मुझे एक शूट के लिए लंदन जाना था, लेकिन मेरा मानना है कि सलमान खान इस शो में सबसे अच्छे हैं। उस काम को सलमान से बेहतर कोई नहीं कर सकता था।

रियलिटी शो को चाहिए सलमान जैसा कोई दबंग ।अरशद वारसी ने जॉली एलएलबी में काम किया था, लेकिन जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार ने उन्हें रिप्लेस कर दिया था। जॉली एलएलबी 3 का एलान हो गया है और इस बार अक्षय के साथ अरशद भी दिखाई देंगे। उन्होंने कहा- जॉली एलएलबी 3 बन रहा है और आप मेरे साथ अक्षय कुमार को भी देखेंगे। यह ऑरिजिनल प्लान था। मैं पहली फिल्म में दिखाई दिया था और उन्होंने दूसरा किया था।

अरशद वारसी ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है कि फिल्म हलचल में उन्होंने दिल से काम नहीं किया था। उनका कहना था कि वह फिल्म को सिर्फ अपनी एक जॉब मानकर कर रहे थे, लेकिन वह दिल से खुश नहीं थे। कुछ समय पहले ही जियो सिनेमा पर असुर 2 स्ट्रीम हो रही है, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। थ्रिलर सीरीज में अरशद के साथ बरुण सोबती और रिद्धि डोगरा भी लीड रोल में हैं। बता दें कि अरशद वारसी अपनी उम्दा एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। कॉमिक टाइमिंग हो या फिर सीरियस रोल, अरशद अपने हर किरदार को बहुत ही संजीदगी से निभाते हैं।

# एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग: श्रीलंका की बल्लेबाज ने रचा इतिहास, हरमनप्रीत और स्मृति को हुआ नुकसान

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर और उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर है। आक्रामक बल्लेबाज हरमनप्रीत के 716 रेटिंग अंक हैं जबकि स्मृति के उनसे दो अंक कम हैं। वहीं श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 758 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं, जिसके साथ उन्होंने नया इतिहास चर दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड़ (617 अंक) और सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा क्रमशः आठवें और 10वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड की सोफी एकलेस्टोन 751 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही हैं। ऑलराउंडर की सूची में भारत की दीप्ति 322 अंक के साथ छठे स्थान पर हैं। टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्मृति 722 अंक के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। दीप्ति गेंदबाजी सूची में 729 अंक के साथ एक स्थान के फायदे से चौथे पायदान पर हैं। रेणुका 700 अंक के साथ नौवें स्थान पर चल रही हैं। दीप्ति हालांकि ऑलराउंडर की सूची में 393 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। चामरी इस बीच महिला एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी बनीं। आईसीसी महिला चैंपियनशिप में उन्होंने न्यूजीलैंड पर अपनी टीम की 2-1 की जीत में अहम भूमिका निभाई।

### चामरी ने जयसूर्या की बराबरी की

बाएं हाथ की बल्लेबाज चामरी ने इस तरह सनथ जयसूर्या की बराबरी की जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले श्रीलंका के एकमात्र खिलाड़ी हैं। वह सितंबर 2002 से मई 2003 तक 181 दिन तक शीर्ष पर रहे। चामरी ने तीन मैच में दो शतक जड़े जिससे उनके छह स्थान का फायदा हुआ जिससे वह शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को पछाड़ने में सफल रहीं। मूनी 10 मई से शीर्ष पर थीं। चामरी ने पहले मैच में 83 गेंद में नाबाद 108 जबकि तीसरे मैच में 80 गेंद में नाबाद 140 रन बनाए। वह श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुनी गईं।

इससे पहले 2014 में श्रीलंका की बाएं हाथ की तेज गेंदबाज उदेशिका प्रबोधनी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों और शशिकला श्रीवर्धने टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंची थीं। चामरी के 758




रेटिंग अंक हैं जो एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में श्रीलंका की महिला खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक अंक है। उनके बाद देबुनु सिल्वा का नंबर आता है जिन्होंने 587 अंक जुटाए थे। वह अप्रैल 2010 में 11वें स्थान पर भी रही थी जो श्रीलंका की किसी खिलाड़ी का एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

# पीवी सिंधु बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 15वें स्थान पर खिसकी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ताजा बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में तीन पायदान खिसककर 15वें स्थान पर पहुंच गई । इस साल अप्रैल में शीर्ष दस से बाहर हुई सिंधू के 13 टूर्नामेंटों में 51070 अंक हैं । वह इस सप्ताह कनाडा ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भाग लेगी । पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान एड़ी में फ्रेक्चर के कारण वह पांच महीने कोर्ट से दूर रही थी । वह इस सत्र में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 के फाइनल में और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 में सेमीफाइनल में पहुंची थी ।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी युगल रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं । पुरूष एकल में एच एस प्रणय आठवें स्थान पर हैं जबकि लक्ष्य सेन 19वें और किदाम्बी श्रीकांत 20वें स्थान पर है । महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद एक स्थान गिरकर 17वें स्थान पर है । पुरूष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला 26वें स्थान पर है जबकि रोहन कपूर और एन सिक्की रेड्डी मिश्रित युगल में 33वें स्थान पर हैं।

# टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अगले साल इंग्लैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान



**कराची (एजेंसी)।** अमरीका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की तैयारियों के तहत पाकिस्तान अगले साल चार टी20 मैच की श्रृंखला के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कहा कि पुरुष टीम के अलावा राष्ट्रीय महिला टीम भी अगले साल मई में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगी।

इंग्लैंड पहुंचने से पहले पाकिस्तान की पुरुष टीम नीदरलैंड और आयरलैंड के खिलाफ भी तीन-तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की श्रृंखला खेलेगी। पाकिस्तान को पिछले टी20 विश्व कप के फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने 2021 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी जहां उसे ऑस्ट्रेलिया ने हराया था।

इंग्लैंड के खिलाफ मैच लीड्स (22 मई), बर्मिंघम (25 मई), कार्डिफ (28 मई) और लंदन के द ओवल (30 मई) में खेले जाएंगे। इंग्लैंड आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरे जबकि पाकिस्तान चौथे नंबर की टीम है। महिला टीम के दौरे की शुरुआत 11 मई को बर्मिंघम में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से होगी जबकि दो अन्य मैच नार्थम्पटन (17 मई) और लीड्स (19 मई) में खेले जाएंगे। तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय डर्बी, टॉनटन और चेम्सफोर्ड में क्रमशः 23, 26 और 29 मई को होंगे।

# वेस्टइंडीज में समुद्र तट पर वॉलीबॉल मैच खेलती दिखी भारतीय टीम

**जमैका (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम आजकल वेस्टइंडीज दौरे पर गयी हुई है। टीम इंडिया को इस दौरे में दो टेस्ट , तीन एकदिवसीय के साथ ही पांच मैचों की टी20 सीरीज भी खेलनी है। इस दौरे से पहले भारतीय टीम के खिलाड़ी समुद्र किनारे वॉलीबॉल खेलते हुए नजर आये। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआईद्ध) ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। इस वीडियो को युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन ने बनाया है।

समंदर किनारे हुए इस वॉलीबॉल मैच में टीम को दो भागों में बांटा गया था। एक ओर विराट कोहली के साथ ही कोच राहुल द्रविड़ की टीम थी जबकि दूसरी ओर मोहम्मद सिराज और बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ की टीम थी। दोनों टीमों के बीच वॉलीबॉल का जोरदार मुकाबला हुआ। इसमें विराट की टीम आगे निकल गयी। इस मैच में जब विराट टीम के लिए अंक हासिल कर रहे थे तो राहुल द्रविड़ ने उनका हौंसला बढ़ाया।

इस दौरे में डोमिनिका में दोनो ही टीमों के बीच पहला टेस्ट खेला जाएगा। इससे पहले एक अभ्यास मैच में भी भारतीय टीम को खेलने का अवसर



मिलेगा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा भी टीम से जुड़ गये हैं। इससे पहले वह छुट्टियां मनाने यूरोप गये हुए थे। भारतीय टीम इस दौरे में 6 जुलाई को स्थानीय टीम के खिलाफ एक अभ्यास मैच भी खेलेगी।


भारतीय टेस्ट दल इस प्रकार हैः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, यशस्वी जायसवाल, अजिंक्य रहाणे (कप्तान), केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जयदेव उनादकट और नवदीप सैनी।

# अर्जेंटीना का विश्व कप विजेता खिलाड़ी पहुंचा भारत, बोला – मैं शुरू से यहां आना चाहता था



कोलकाता। अर्जेंटीना की फीफा विश्व कप में तीसरी खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले एमिलियानो मार्टिनेज सोमवार को यहां पहुंचे और फुटबॉल के दीवाने शहर ने उन्हें पलक पांवड़े पर बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पेले, माराडोना, मेस्सी और काफू जैसे खिलाड़ियों की मेजबानी करने वाला शहर पहली बार एक मौजूदा विश्व कप विजेता की मेजबानी कर रहा है, जिन्होंने पिछले दिसंबर में फ्रांस के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में शानदार प्रदर्शन करके अर्जेंटीना को 36 वर्षों में अपना पहला विश्व खिताब दिलाया था। मार्टिनेज ने कड़ी सुरक्षा के बीच एक पंचतारा होटल में पहुंचे। अगले दो दिन तक उनका व्यस्त कार्यक्रम है। इस दौरान उन्हें कई कार्यक्रमों में भाग लेना है। मार्टिनेज ने अपनी दो दिवसीय यात्रा की शुरुआत में कहा,''मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह बहुत प्यारा देश है। मैं यहां आकर बहुत खुश हूं। मैंने भारत आने का वादा किया था और इसलिए मैं यहां हूं। यह ऐसी जगह है जहां मैं हमेशा आना चाहता था।'

# अश्विन को एशियाई खेलों के लिए कप्तान बनायें : कार्तिक



मुम्बई । अनुभवी विकेटकीपर–बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि अगर आर अश्विन एकदिवसीय विश्वकप के लिए टीम में शामिल नहीं किये जाते तो उन्हें एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय टीम का कप्तान बनाया जाना चाहिए। बाबीसीसीआई के 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों के लिए पुरुष और महिला दोनों टीमों को भेजने की बात सामने आने को देखते हुए अश्विन ने ये बातें कही हैं। एशियाई खेलों का कार्यक्रम एकदिवसीय विश्वकप से टकरायेगा। इसी को देखते हुए बीसीसीआई अपनी बी टीम को एशियाई खेलों के लिए चीन भेज सकती है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि अनुभवी बल्लेबाज शिखर धवन को इस टूर्नामेंट के लिए कप्तान बनाया जाएगा पर कार्तिक का मानना है कि चयनकर्ताओं को कप्तान की जिम्मेदारी अश्विन को देनी चाहिये। उन्होंने कहा, अश्विन अपनी गेंदबाजी की गुणवत्ता और अपने द्वारा लिए गए विकेटों की संख्या के मामले में सबसे आगे हैं। ऐसे में अगर भारत एक बी टीम भेज रहा है क्योंकि मुख्य टीम विश्व कप की तैयारी कर रही है तो ऐसे में अश्विन को कप्तान बनाया जाना चाहिए। मुझे वास्तव में लगता है कि वह इसके अधिकारी हैं और उन्होंने अपने अनुभव और प्रदर्शन से टीम का कप्तान बनने का अधिकार हासिल किया है। कार्तिक ने कहा, मैं चाहता हूं कि वे कम से कम एशियाई खेलों के लिए अश्विन को कप्तान बनाएं। यह उनकी एक उपलब्धि होगी।

# यूरोप दौरे के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, सविता को मिली कप्तानी

**हरारे (एजेंसी)।** नई दिल्ली -हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम का ऐलान किया जिसे जर्मनी में मैच खेलने के बाद 16 जुलाई से स्पेन में चार देशों का टूर्नामेंट खेला जाना है। दोनों टूर्नामेंट सितंबर अक्टूबर में होने वाले हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण हैं।

भारतीय टीम पहले तीन मैच जर्मनी में खेलेगी जिसमें से एक चीन के खिलाफ और दो मेजबान के खिलाफ 16 से 19 जुलाई तक खेले जाने हैं। इसके बाद टीम स्पेन जायेगी जहां दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और मेजबान के खिलाफ 25 से 30 जुलाई तक मैच होंगे। ये मैच स्पेन हॉकी महासंघ अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की सौंवी वर्षगांठ पर खेले जा रहे हैं।

मई में आस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली भारतीय टीम में ज्यादा बदलाव नहीं किए गए हैं। टीम की कमान गोलकीपर सविता के हाथ में होगी जबकि दीप ग्रेस इक्का उपकप्तान रहेंगी। अनुभवी डिफेंडर सुशीला चानू और फॉरवर्ड



दीपिका आस्ट्रेलिया दौरे पर आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे हैं। वहीं जूनियर एशिया कप खेल चुकी ज्योति छत्री को पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है।

भारतीय टीम बेंगलुरू स्थित राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रही है। बिछू देवी खारीबाम दूसरी गोलकीपर होंगी जबकि दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और सुशीला चानू डिफेंस संभालेगी। वहीं मिडफील्ड में निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के और ज्योति छत्री को शामिल किया गया है। फॉरवर्ड पंक्ति में वंदना कटारिया, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी और दीपिका होंगे।

मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा, 'स्पेन और जर्मनी दौरे से टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। एशियाई खेलों की तैयारी के लिये यह काफी अहम है।'

**टीम :**

**गोलकीपर :** सविता (कप्तान), बिछू देवी खारीबाम


**डिफेंडर :** दीप ग्रेस इक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता, सुशीला चानू

**मिडफील्डर :** निशा, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, बलजीत कौर, वैष्णवी फाल्के, ज्योति छत्री

**फॉरवर्ड :** लालरेम्सियामी, वंदना कटारिया, संगीता कुमारी, दीपिका

# स्टार फुटबॉलर नेमार ने किया पर्यावरण नियमों का उल्लंघन, लगा 3.33 मिलियन डॉलर का जुर्माना

स्पोर्ट्स डेस्क । ब्राजील के अधिकारियों ने सोमवार को घोषणा की कि फुटबॉल स्टार नेमार पर दक्षिणपूर्वी ब्राजील में अपनी तटीय हवेली के निर्माण के दौरान पर्यावरण नियमों का उल्लंघन करने के लिए 16 मिलियन रीसिस (3.33 मिलियन डॉलर करीब 28.6 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने पहली बार पिछले महीने के अंत में आरोप लगाया और सोमवार को पुष्टि की कि लक्जरी परियोजना ने मीठे पानी के स्रोतों, चट्टान और रेत के उपयोग और मूवमेंट को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन किया है। उनका घर ब्राजील के रियो डी जनेरियो राज्य के दक्षिणी तट पर एक शहर मंगरातिबा में है।



अधिकारियों ने समृद्ध संपत्ति में कई पर्यावरणीय उल्लंघनों को पाया जिसमें श्रमिक कृत्रिम झील और समुद्र तट का निर्माण कर रहे थे। इसमें 'प्राधिकरण के बिना पर्यावरण नियंत्रण के अधीन कार्य करना', 'प्राधिकरण के बिना नदी के पानी पर कब्जा करना और उसका मार्ग बदलना', और 'बिना प्राधिकरण के भूमि को हटाना और वनस्पति का दमन करना' शामिल था। अधिकारियों ने साइट की घेराबंदी की और पिछले महीने सभी गतिविधियों को बंद करने का आदेश दिया, लेकिन ब्राजीलियाई मीडिया ने बताया कि नेमार ने एक पार्टी आयोजित की और वहां झील में स्नान किया। जुर्माने के अलावा, मामले की जांच अन्य पर्यावरण नियामक निकायों द्वारा की जाएगी जिसमें स्थानीय अटॉर्नी जनरल का कार्यालय, राज्य नागरिक पुलिस और पर्यावरण संरक्षण कार्यालय शामिल है। मंगरतिबा के पर्यावरण निकाय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान के अनुसार, 'हवेली में एक कृत्रिम झील के निर्माण के दौरान' पर्यावरणीय उल्लंघन हुआ। जुर्माने के अलावा मामले की जांच स्थानीय अटॉर्नी जनरल के कार्यालय, राज्य नागरिक पुलिस और पर्यावरण संरक्षण कार्यालय सहित अन्य पर्यावरण नियंत्रण निकायों द्वारा की जाएगी। वहीं इस सारे मामले पर नेमार के प्रवक्ता नेटिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# विम्बलडन 2023 के पहले ही मुकाबले में हार के बाद वीनस विलियम्स हुई बाहर, दर्द में खेलने के बाद दिया बयान

**स्पोर्ट्स डेस्क ।** विम्बलडन 2023 की शुरुआत तीन जुलाई से हो गई है। ये इस वर्ष का तीसरा ग्रैंड स्लैम है, जिसके पहले ही दिन फैंस को काफी रोमांच देखने को मिला। पहले ही दिन 43 वर्षीय वीनस विलियम्स को मात खानी पड़ी। अमेरिकी धुरंधर महिला खिलाड़ी इस बार टूर्नामेंट में 24वीं बार विम्बलडन खिताब जीतने के लिए उतरी है। हालांकि पहले ही दिन मुकाबले में उन्हें एलिना स्वितोलिना से हार का सामना करना पड़ा है।

यूक्रेन की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने दिग्गज खिलाड़ी वीनस विलियम्स को 6-4,6-3 से मात देने में सफलता हासिल की। दुनिया की पूर्व एक नंबर खिलाड़ी



वीनस विलियम्स इस हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई है जिससे उनके फैंस काफी दुखी हुए है। हालांकि जिस हाल में वीनस विलियम्स मैच खेलने उतरीं उसे देखकर फैंस उनके मुरीद हो गए है। वो पैर में चोट के साथ खेलती दिखी। इस मुकाबले में वीनस के पैर के घुटने पर पट्टियां बंधी थी। इस दौरान वो नेट्स के पास गिर गई और उनके लिए उठना भी काफी मुश्किल हो गया। इसके बाद एलिना स्वितोलिना और चेयर अंपायर उसकी मदद के लिए दौड़ पड़े। वीनस विलियम्स इस दौरान बेहद दर्द में दिखाई दी। दर्द के कारण उनकी आंखों से आंसू तक छलक आए। उन्होंने इसके बाद इंजरी टाइम आउट लिया और दोबारा वापसी की। गिरने से पहले तक वो आगे चल रही थी मगर इसके बाद उनके लिए वापसी करना मुश्किल हो गया और वो मुकबला हार गई।

# वेस्टइंडीज में यशस्वी, ऋतुराज और ईशान को पारी की शुरुआत का अवसर मिलना मुश्किल

जमैका। वेस्टइंडीज दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को 12 जुलाई से होने वाली टेस्ट सीरीज में पारी शुरु करने का अवसर शायद ही मिले। इसका कारण ये है कि अब तक रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छा प्रदर्शन किया है इसके साथ ही ये तीनों ही प्रारुपों में भी खेलते हैं। ऐसे में देखना है कि कोच राहुल द्रविड़ इस दौरे में यशस्वी, ऋतुराज ओर ईशान को किस जगह पर अवसर देते हैं। इन तीनों ने ही अब तक अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। यशस्वी जायसवालः यशस्वी ने घरेलू क्रिकेट से लेकर आईपीएल में अपने जबरदस्त बल्लेबाजी की है। इससके बाद भी वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में पारी शुरु नहीं कर सकेंगे। उन्हें नंबर–3 पर ही अवसर मिल सकता है। यशस्वी ने ओपनर के तौर पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में दोहरा शतक लगाया है। इसके अलावा उन्होंने लिस्ट–ए क्रिकेट में भी दोहरा शतक बनाया है। ऋतुराज गायकवाड़ः ऋतुराज ने लिस्ट–ए क्रिकेट में एक ओवर में 7 छक्के लगाये हैं। ऋतुराज को टेस्ट के अलावा एकदिवसीय टीम में भी जगह मिली है पर इन दोनो ही प्रारुपों में रोहित और शुभमन के होने के कारण ऋतुराज को पारी शुरु करने का अवसर नहीं मिलेगा। ईशान किशनः ईशान बेहद आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश दौरे पर एकदिवसीय में दोहरा शतक लगाया था। इस दौरे में उन्हें एकदिवसीय और टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। ईशान टेस्ट में ऋषभ पंत की तरह आक्रामक पारी खेलने में सक्षम हैं। इसके बाद भी उन्हें पारी की शुरुआत का अवसर शायद ही मिले।

# ओमान को हराकर नीदरलैंड ने विश्व कप क्वालीफिकेशन के लिए बरकरार रखी उम्मीदें

**हरारे। (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के सुपर सिक्स चरण में ओमान को डकवर्थ लुईस पद्धति से 74 रन से शिकस्त देकर भारत में पांच अक्टूबर से खेले जाने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखी है। नीदरलैंड ने बारिश से प्रभावित मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 48 ओवर में सात विकेट पर 362 रन बनाये। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाने के समय ओमान ने 44 ओवर में छह विकेट पर 246 रन बनाये थे। विश्व कप क्वालीफिकेशन की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके ओमान की टीम इस समय डकवर्थ पद्धति से लक्ष्य से 75 रन पीछे थी। सलामी बल्लेबाजी विक्रमजीत सिंह ने 109 गेंद में 11 चौके और दो छक्के की मदद से 110 रन बनाकर बड़े स्कोर की नींव रखी।

उन्होंने मैक्स ओ'डौड (35 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 117 और दूसरे विकेट के लिए वेसले बरेसी के साथ 80 रन की साझेदारी की। बरेसी ने 65 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में 10 चौके और तीन छक्के की मदद से 97 रन बनाये। बैड डे लीडे (19 गेंद में 39 रन) और साकिब जुल्फिकार (17 गेंद में 33 रन) ने भी आक्रामक पारियां खेलकर टीम के स्कोर को 360 के पार पहुंचाया। ओमान के लिए बिलाल खान ने तीन और मोहम्मद नदीम ने दो विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए अयान खान ने 92 गेंद में नाबाद 105 रन बनाये पर उन्हें ओमान के दूसरे बल्लेबाजों का अच्छा साथ नहीं मिला। दायें हाथ के ऑफ स्पिनर आर्यन दत्त ने 10 ओवर में 31 रन देकर तीन विकेट लिये जबकि तेज गेंदबाज रेयान क्लेन ने दो सफलता हासिल की।



# पानीपत शहर में 2.5 करोड़ से बनेगा नया पंपिंग स्टेशन

**पानीपत।** पानीपत शहर की 6 कॉलोनियों में जलभराव की समस्या के समाधान को लेकर पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज ने नगर निगम के आयुक्त राहुल नरवाल को 2.5 करोड़ की लागत से आईपीएस पंपिंग स्टेशन बनाने की मांग की है। पानीपत नगर निगम की हाउस मीटिंग होने में अभी समय है, इसलिए वित्तीय कमेटी के पार्षद सदस्यों द्वारा स्वीकृति मिलने के पश्चात पंपिंग स्टेशन बनाने का कार्य चालू किया जाएगा। पंपिंग स्टेशन बनने से शहर में बरसात के दिनों में होने वाली जलभराव की समस्या का समाधान होगा। विधायक प्रमोद विज ने सोमवार को जीटी रोड स्थित अपने कार्यालय में बताया कि बारिश के दिनों में वीवर्स कॉलोनी, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, आदर्श नगर ,नारायण सिंह पार्क एवं आसपास की अन्य कॉलोनी वासियों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। नया पंपिंग स्टेशन बन जाने से जलभराव की समस्या का समाधान होगा।



उन्होंने बताया कि मोटर द्वारा सीवरेज के पानी को पंपिंग स्टेशन तक पहुंचाया जाएगा और उसको फिर ट्रीटमेंट प्लांट तक भेजा जाएगा। विधायक ने कहा कि पंपिंग स्टेशन बनाने की मंजूरी मिलते ही इसको बनाने शुरू कर दिया जाएगा।

# जनता ने साथ दिया तो हलके में बनाया जाएगा गर्ल्स कॉलेज-संदीप गर्ग



**बाबैन।** बाबैन के गांव झंडौला में सतविंद्र कौर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने शिरकत की। मुख्यातिथि संदीप गर्ग ने कहा कि हलके में गर्ल्स कॉलेज की अति आवश्यकता है। आज भी ग्रामीण अपनी लड़कियों को गांव से दूर भेजने में हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर लाडवा हलके की जनता ने आने वाले 2024 के विधानसभा चुनावों में साथ दिया तो लाडवा हलके में गर्ल्स कॉलेज बनाने का कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हलके की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र भी खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही गांव झंडोला में भी सिलाई कढ़ाई केन्द्र खोला जाएगा। जिसमें महिलाएँ सिलाई सीखकर अपना रोजगार कर सकेंगी। कार्यक्रम आयोजक सतविंद्र कौर ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग हलके की जनता के लिए अनेक भलाई के कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर लखविन्द्र सिंह, स्वर्ण कौर, रानी देवी, अभिषेक, निर्मला, सरिता देवी, ओमप्रकाश, काली राम, पिंकी, अमित कुमार, जीत सिंह आदि मौजूद थे।

# ओवरलोड ट्रक बिजली के तारों से टकराया



**कैथल।** कैथल में खनौरी रोड पर सोमवार सुबह के समय एक ओवरलोड ट्रक सड़क के ऊपर से गुजर रही तार से टकराया। हादसे के कारण सड़क किनारे रखा गया ट्रांसफार्मर गिर गया और एक खंभा टूटकर एक घर के गेट पर जा गिरा। बिजली की तार आंगन में गिरने से एक महिला घायल हो गई। हादसे के तुरंत बाद बिजली चले जाने से बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना पाकर यूएचबीवीएन के एसडीओ संदीप मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे एक ट्रक कैथल से खनौरी की तरफ जा रहा था। जैसे ही सिरटा रोड के चौक पर पहुंचा तो वहां से गुजर रहे तार से ट्रक टकरा गया। ट्रक के तार में उलझने के कारण यह तार घर में जाकर गिरा। इसके बाद वहां मौजूद 45 वर्षीय महिला सत्तो देवी को चोटें लग गई। महिला को जिला नागरिक अस्पताल में पहुंचाया गया। एसडीओ संदीप टांक ने बताया कि इस घटना के बाद वे मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान यहां पर पहले से ही बिजली बंद थी। इसके बाद अन्य कॉलोनियों की बिजली को भी बंद कर, तार को ठीक करवाया।

# टीक, संगरोली, सिरसल व कैथल में मनाई गई गुरु दक्ष प्रजापति जयंती



**कैथल।** गांव टीक, संगरोली, सिरसल व कैथल में विश्व के सबसे पहले महाराजा, ब्रह्म जी के मानस पुत्र, प्रजापति समाज के ईष्ट देवता गुरु दक्ष प्रजापति की जयंती बड़े धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान पावन हवन-यज्ञ एवं विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। समाज के लोगो ने आहुति डालकर, भगवान दक्ष महाराज की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करके नमन किया और उनकी दी हुई शिक्षाओं पर चलने का प्रण लिया। इस दौरान कैथल प्रताप गेट, पाडला रोड़ स्थित प्रजापति धर्मशाला में भजन कीर्तन से गुरु दक्ष जी की महिमा का गुणगान किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं युवा नेता प्रवीण प्रजापति ने कहा कि दक्ष महाराजा ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया था, समाज के बच्चे शिक्षित होकर समाज का उत्थान करें और संगठित होकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें। शिवकुमार सिरसल ने बताया कि उनके गांव में बड़े हर्सोल्लास के साथ दक्ष जयंती के अवसर पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। जय भगवान संगरोली ने बताया कि समाज के लोगो में बहुत खुशी देखने को मिली और समाज को संगठित देखकर अच्छा लगा। गांव टीक में भी शेरसिया परिवार की ओर से दक्ष महाराजा की प्रतिमा पर पुष्पार्पित किए गए, दीप जलाकर नमन किया गया। राजेन्द्र प्रजापति ने पूरे आस-पड़ोस में रसगुल्ले बांटकर दक्ष जयंती पर खुशी का इजहार किया। सभी ने दक्ष प्रजापति महाराज की दी गई शिक्षाओं पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके नफिया राम, सीबा राम, सुनैहरा राम, सुमन देवी, सोहन लाल निवासी टीक, संगरोली में शिशन प्रजापति, शंटी प्रजापति, सोनी प्रजापति, जसवंत प्रजापति, गुलाब सिंह प्रजापति, माई लाल प्रजापति, कृष्ण प्रजापति, चंदगी राम प्रजापति, भान प्रजापति, जंगीरा प्रजापति, रोशन प्रजापति, नरेश प्रजापति, धर्मा प्रजापति, जिले सिंह आदि व्यक्ति उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह

**कैथल।** हर वर्ष की भांति इस बार भी गुरु दक्ष प्रजापति महाराज का प्रकाशोत्सव समारोह प्रजापति धर्मशाला में धूमधाम व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सी.ए. दीपक कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। समाजसेवी देवासिंह चौहान व महावीर सिंह सरवारा (दिल्ली) समाजसेवी विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजू कुमार लालडू, पार्षद नगर पालिका एवं एस.के. बिल्डर्स के डायरेक्टर ने की। धर्मशाला के प्रधान दर्शन लाल लाडवा ने कहा कि अबकी बार जयंती महोत्सव समाज को समर्पित रहा और समारोह में राजनीतिक व्यक्ति नहीं बल्कि समाज के लोग ही मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि रहे। इसके साथ-साथ समारोह की अध्यक्षता भी समाज के गणमान्य व्यक्ति द्वारा ही की गई। प्रधान दर्शन लाडवा ने कहा कि समाज सर्वोपरि होता है, उसके आगे कोई राजनीतिक दल या कोई राजनेता महत्व नहीं रखता, इसलिए हमारे समाज के लोग अब राजनीतिक लोगो के बहकावे में आने की बजाए अपने समाज से ही हीरोज चुनेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले साल प्रसिद्ध उद्योगपति प्रणव टेकचंद



ने विशेष तौर पर शिरकत की थी। लाडवा ने बताया कि गुरु दक्ष प्रजापति शिक्षण संस्थान के लिए जो साढ़े 3 एकड़ भूमि खरीदी गई है, वहां पर भी हवन व पूजा कार्यक्रम हुआ और भूमि पूजन कार्यक्रम भी हुआ। उन्होंने बताया कि कैथल-कुरुक्षेत्र रोड पर पिंडारसी गांव के नजदीक गुरु दक्ष प्रजापति के नाम से शिक्षण संस्थान बनाया जाएगा।

मुख्यातिथि सी.ए. दीपक कुमार ने कहा कि सभी को महाराज गुरु दक्ष की शिक्षाओं पर चलना चाहिए।

संजू कुमार लालडू, पार्षद नगर पालिका एवं एस.के. बिल्डर्स के डायरेक्टर ने कहा कि शिक्षित, संगठित समाज तरक्की की राह पर अग्रसर हो सकता है। समाज अपने अधिकारों व कर्तव्यों को पहचाने। गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें। महिलाओं को बराबरी का अवसर दें। महिलाओं की भागीदारी के बिना कोई समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। परिवार में लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करें। अपनी ताकत व एकता को प्रदर्शित करने के लिए पूरे समाज को एक होकर आगे आना होगा, तभी परिवर्तन की लहर चल सकती है। विशिष्ट अतिथि देवासिंह चौहान ने युवा वर्ग से कहा कि उच्च शिक्षा ग्रहण करें और समाज में फैली कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करें। विशिष्ट अतिथि महाबीर सरवारा ने कहा कि महापुरुष किसी एक जाति विशेष के न होकर समस्त मानव जाति के गुरु होते हैं। उन्होंने समाज के लोगों को गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह की बधाई देते हुए कहा कि गुरु दक्ष प्रजापति ने समस्त मानव समाज को एक नई दिशा दी थी। कार्यक्रम को बीपीएचओ के राष्टीय अध्यक्ष सतीश सरोहा इंद्री, पूर्व प्रधान भवानी दास कल्याण, रिटायर्ड बीडीपीओ बलबीर चौलिया, रिटायर्ड एसडीओ नाथी राम, रिटायर्ड कानूनगो पवन कुमार, रोहताश प्रजापति यूपी, बीपीएचओ के हरियाणा प्रभारी जयसिंह वर्मा, सतपाल पधाना, लीगल सैल के प्रदेश संयोजक शौकीन वर्मा एडवोकेट ने भी सम्बोधित किया। समाज के जादूगर सम्राट ने अनेक प्रस्तुतियां देकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का मंच संचालन महासचिव रामचरण रत्तेवाल ने किया। जयंती महोत्सव में दूर-दराज से समाज के हजारों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान भूमिदान में सहयोग करने वाले समाजसेवियों, दानी-सज्जनों, बोर्ड की परीक्षाओं में, कॉलेज व यूनिवर्सिटी स्तर की परीक्षाओं में मेरिट लेने वाले विद्यार्थियों व खेलो तथा अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीपीएचओ के प्रदेशाध्यक्ष नरेश कुमार, महिला प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट शिल्पा प्रजापति आदि

# मलेरिया की रोकथाम की शुरुआत अपने घर व आसपास से करें : श्रवण करोड़ा



**कैथल।** आज गांव बाकल में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य निरीक्षक राकेश सिवाच पाई के मार्गदर्शन में मलेरिया की रोकथाम हेतु फीवर मास सर्वे व सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी की शुरुआत की गई । जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा घर-घर जाकर बुखार से पीड़ित मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाई गई व स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर व पम्पलेट बांटते हुआ मलेरिया के लक्षण, बचाव व इलाज के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी श्रवण करोड़ा ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग का एकमात्र उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए उनके स्वास्थ्य व जान की रक्षा करना है जिसके लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बाकल के सभी अध्यापकों, प्रिंसिपल ज्ञान सिंह, आशा वर्कर ओमपति देवी, संगीता रानी, पूनम रानी, रीटा देवी व रेणु बाला का जनहित के कार्यों में योगदान हमेशा रहता है।

### रोहतक में पिकअप ड्राइवर का मर्डर

# मारने के बाद हमलावरों ने चौक पर फेंका शव, 6 महीने पहले ही बना था पिता

**रोहतक।** गांव सुनारिया कलां में सोमवार देर शाम को पिकअप ड्राइवर की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। मर्डर के बाद युवक का शव गांव के चौक पर ही फेंक दिया। मृतक 6 माह पहले ही एक बेटी का पिता बना था। हालांकि अभी तक परिवार वाले किसी से भी रंजिश नहीं बता रहे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव सुनारिया खुर्द निवासी राजबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सब्जी मंडी में ऑटो चलाता है। उसके दो बेटे हैं। बड़ा लड़का राहुल ऑटो चलाता है और छोटा लड़का रविंद्र उर्फ रवि पिकअप बोलेरे गाड़ी चलाता था। रविंद्र की शादी करीब 4 साल पहले हुई थी।

**छाती व मुंह पर मारे चाकू**

उन्होंने बताया कि रवि सोमवार रात को जब घर आ रहा था तो अज्ञात लोगों ने उसकी चाकू मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग वहां पहुंचे तो सुनारिया कलां की चौपाल के सामने गली में चौराहे पर जिन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। सूचना के बाद ग्रामीण भी



उसका शव पड़ा हुआ था। छाती, मुंह व अन्य शरीर पर चोट के निशान थे।

**दो-तीन हमलावरों ने की हत्या**

मिली जानकारी के अनुसार 30 वर्षीय रविंद्र को गांव के बीचों-बीच हमलावरों ने मौत के घाट उतारा। प्राथमिक जानकारी के अनुसार हत्या करने वाले दो-तीन युवक थे। एकत्रित हो गए।

**हत्या का मामला दर्ज**

रात को ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए थे। वहीं FSL की टीम ने भी गांव पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। इधर, शिवाजी कॉलोनी थाने में मृतक रवि के पिता राजबीर की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# करनाल में व्यक्ति की मौत पर बवाल, परिजनों की हाईवे जाम की कोशिश

**करनाल।** चुरणी गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने गांव की एक महिला सहित तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने सोमवार शाम को PGI में शव का पोस्टमार्टम करवाया। इस बीच परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर करनाल-इंद्री रोड पर रंभा चौक जाम लगाने की कोशिश की।

सूचना मिलते ही करनाल पुलिस व DSP मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर घर भेजा। वहीं रात को शव को करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में स्थित पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया। आज शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

**करीब 15 साल से कर रहा था काम**

मृतक के परिजनों का कहना कि प्रेमचंद (50) करीब 15 साल से गांव में एक ही परिवार के पास रहकर उनकी खेतीबाड़ी का काम करता था। शनिवार को किसी बात को लेकर उसका और परिवार का आपस में विवाद हो गया था। जिसके चलते परिवार के तीन लोगों ने उसकी पीट-पीट कर हत्या कर दी।

**चंडीगढ़ PGI रेफर किया था**

परिजनों का कहना है कि जब उन्हें प्रेमचंद की हालत का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चंडीगढ़ PGI में रेफर कर दिया। जहां पर इलाज के दौरान की मौत हो गई।

चंडीगढ़ से शव लेकर पहुंचे करनाल

जानकारी के अनुसार प्रेमचंद की मौत बीते शनिवार को इलाज के दौरान हुई थी। जिसके बाद सोमवार देर शाम को उसका पोस्टमार्टम करवाया गया। सोमवार देर शाम को परिजन मृतक के शव को लेकर करनाल पहुंचे।



**जांच के लिए दो टीमें गठित**

मौके पर पहुंचे जांच अधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि इस मामले की जांच के लिए पुलिस द्वारा दो टीमों का गठन कर दिया है। वहीं परिजनों की शिकायत के आधार पर महिला सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। परिजन जाम लगाने के लिए आए थे, लेकिन उनको समझा बुझाकर घर भेज दिया है। मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है।

# विकास कार्यों के टेंडर में भेदभाव का आरोप, पार्षदों ने पालिका गेट पर जड़ा ताला

**फतेहाबाद।** जिले के शहर रतिया के वार्डो में गलियों के निर्माण को लेकर लगाए गए करीब चार करोड़ के टेंडरों में भेदभाव के आरोप लगाते हुए सोमवार सुबह शहर के कुछ पार्षदों ने नगरपालिका के गेट पर ताला लगा कर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। हालांकि बाद में नगरपालिका सचिव दीपक कुमार के आश्वासन पर पार्षदों ने गेट को खोल दिया और नगर पालिका सचिव के कार्यालय में हुई बैठक के बाद पार्षद थोड़ा शांत हुए लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि उनके वार्ड में भी अन्य वार्डो की तरह विकास के टेंडर नहीं लगाएंगे तो वह कॉलोनी वासियों के साथ मिलकर नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठ जाएंगे। पार्षदों के विरोध प्रदर्शन को रतिया के पूर्व विधायक जरनैल सिंह ने भी समर्थन देते हुए नगरपालिका अधिकारियों और प्रदेश



सरकार को जमकर कोसा।

पार्षद गुरप्रीत गोपी, गुरविंद्र सिंह व हैप्पी सैनी ने नगरपालिका अधिकारियों पर आरोप लगाया कि गत दिनों नगर पालिका द्वारा शहर के 17 वार्डों के विकास कार्यों के लिए करीब 4 करोड़ के टेंडर लगाए गए थे लेकिन अधिकारियों ने उन टेंडरों में शहर के वार्डो और पार्षदों के साथ कभी भेदभाव करते हुए टेंडरों में वार्ड नंबर 2 और 6 में 1 रुपये का भी टेंडर नहीं लगाया बल्कि कई वार्डों में 40 लाख से लेकर 90 लाख तक के टेंडर लगाए गए। वही वार्ड नंबर 8, 14, 15 में मात्र 3 से 5 लाख के टेंडर लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि टेंडरों के भेदभाव के चलते पार्षदों में भारी रोष है इसलिए उन्होंने आज की बजट बैठक में शामिल होने की बजाय नगर पालिका के गेट पर तालाबंदी कर विरोध जताया है।

पार्षदों द्वारा नगरपालिका कार्यालय का ताला लगाए जाने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पूर्व विधायक जरनैल सिंह ने पार्षदों के भेदभाव के आरोपों का समर्थन किया और कहा कि नगर पालिका

वार्डो के साथ पक्ष पात कर रही है। तालाबंदी के दौरान मौके पर पहुंचे नगरपालिका सचिव ने पार्षदों को उनके बालों में भी विकास कार्यों का आश्वासन दिया जिस पर पार्षदों ने नगर पालिका कार्यालय का ताला खोल दिया। नगरपालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि कुछ पार्षदों को उनके वार्ड के विकास कार्य को लेकर समस्या थी जिसको लेकर उन्होंने पार्षदों को समझाया है कि उनके विकास कार्यों की लिस्ट बनाकर कमेटी को भेजकर पास करवाएंगे और उसके बाद विकास कार्य शुरू करवा दिए जाएंगे

# स्कूल समायोजन के विरोध में ग्रामीणों ने जड़ा ताला



**जींद।** कन्या स्कूलों को मर्ज करने की सरकार की पॉलिसी के खिलाफ राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला खेड़ी मंसानिया के बाहर ग्रामीण एकत्रित हुए। यहां पर स्कूल के गेट को ताला लगा कर ग्रामीणों ने रोष प्रकट किया। सोमवार सुबह आठ बजे ग्रामीणों ने स्कूल के मेन गेट को बंद कर दिया। साढ़े दस बजे बीईओ पुष्पा देवी, बीआरसी रणपाल श्योकंद, सांस्कृतिक सचिव मा. रामप्रसाद ने ग्रामीणों को समझा कर मेन गेट से ताला खुलवाया। ग्रामीणों ने सरकार की पॉलिसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए इस पॉलिसी को रद्द करने की मांग की गई। सीएम मनोहर लाल, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर के नाम ज्ञापन बीईओ के माध्यम से भेजा गया। बीईओ पुष्पा रानी ने कहा कि ग्रामीणों की इस मांग को उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया जाएगा। जो ज्ञापन दिया गया है वो उचित माध्यम से भेजा जाएगा। सरपंच कविता ने कहा कि एक तरफ सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दे रही है जबकि प्रदेश की बेटियों के स्कूलों को बंद करने का काम सरकार आने वाले दिनों में करने वाली है। इससे कैसे बेटियों को पढ़ाया जा सकेगा। सरकार को चाहिए कि गांव में स्कूलों की संख्या बढ़ाए लेकिन सरकार तो स्कूलों को मर्ज करने पर तुली हुई है। इस तरह के फैसलों को सहन नहीं किया जाएगा। स्कूल में बच्चों की संख्या की 175 है।

## अमेरिका व यूरोप में भारतीय सभ्यता-संस्कृति, वेद, उपनिषद का प्रचार-प्रसार करने में स्वामी विवेकानंद जी का विशेष योगदान रहा-विद्रोही

**रेवाड़ी।** दुनिया में भारतीय सभ्यता-संस्कृति का प्रचार-प्रसार करने वाले महान संत स्वामी विवेकानंद जी की 121वीं पुण्यतिथि पर स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने अपने कार्यालय में उन्हे भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की। प्रदीप यादव, कपिल यादव, अमन एडवोकेट, यश यादव व अजय कुमार ने भी स्वामी जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर विद्रोही ने कहा कि अमेरिका व यूरोप में भारतीय सभ्यता-संस्कृति, वेद, उपनिषद का प्रचार-प्रसार करने में स्वामी विवेकानंद जी का विशेष योगदान रहा। अपने 39 साल के छोटे से जीवनकाल में ना केवल उन्होंने पूरी दुनिया को भारतीय संस्कृति व सभ्यता का अमूल्य ज्ञान दिया अपितु पूरे भारत को भी अपनी विद्धता से प्रभावित किया। स्वामी जी की शिक्षाओं, ज्ञान, लेखों, कार्यो से आज भी हम प्रेरणा लेते है।

विद्रोही ने कहा कि एक मई 1897 को कलकत्ता में स्वामी विवेकानंद जी ने जिस रामकिशन मिशन की स्थापना की थी वह आज वट वक्ष बनकर पूरी दुनिया व भारत को ना केवल भारतीय सभ्यता-संस्कृति का ज्ञान दे रहा है अपितु अपने सेवा कार्यो से मानवता व गरीबों की बहुत बड़ी सेवा भी कर रहा है। स्वामी जी ने सिस्टर निवेदिता के साथ अपनी वर्ष 1899 की दूसरी यूरोप यात्रा में विदेशों में वेदान्ता सोसाईटीज की भी स्थापना की जो आज अमेरिका-यूरोप सहित पूरी दुनिया में वेद, उपनिषद व भारतीय सभ्यता-संस्कृति का ज्ञान देती है।

विद्रोही ने कहा कि 12 जनवरी 1863 को कलकत्ता में हाईकोर्ट के अर्टानी विश्वनाथ दत्ता के घर जन्मे नरेन्द्र नाथ दत्ता ने स्वामी विवेकानंद बनकर पूरी दुनिया को अपने जीवनकाल और आज भी प्रेरणा स्त्रोत है। वर्ष 1881 में युवा नरेन्द्रनाथ दत्ता रामकिशन परमहंस के सम्पर्क आये और उनके शिष्य बने। 31 मई 1893 को स्वामी विवेकानंद बनकर स्वामीजी ने बम्बई से जापान, चाईना, कनाडा होते हुए 30 जुलाई 1893 को शिकागो अमेरिका में विश्व धर्म संसद में भाग लेने पहुंचे। शिकागो में 11 सितम्बर से 27 सितम्बर तक हुई विश्व धर्म संसद में स्वामी जी ने भाग लेकर बहनों व भाईयों से शुरू किये अपने सम्बोधन से पूरी दुनिया को प्रभावित किया। स्वामीजी ने भारतीय सभ्यता-संस्कृति, वेद, उपनिषद के बारे में पूरी दुनिया को ज्ञान देकर भारतीय ज्ञान की धाक जमाई। दो वर्ष तक अमेरिका, यूरोप में वेद, उपनिषद का प्रचार-प्रसार करके वे भारत लौटे और रामकिशन मिशन की स्थापना करके वेद, उपनिषद, संस्कृति के प्रचार-प्रसार में जुट गए। वर्ष 1899 में सितम्बर निवेदिता के साथ फिर यूरोप गए और वहां उनका स्वास्थ्य बिगडने पर वापिस लौट आये। बेल्लूर मठ में 4 जुलाई 1902 को स्वामीजी ने 39 वर्ष की आयु में इस नश्वर शरीर को त्यागने से पहले भारत सहित पूरी दुनिया अपने अमूल्य ज्ञान से अलोकित किया जो आज भी हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। ऐसे महान संत को उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन।

# बीजेपी-जेजेपी गठबंधन को लेकर 2 परिवारों में लड़ाई, बीरेंद्र सिंह बोले- जजपा के पास वोट नहीं

**हिसार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता बीरेंद्र सिंह ने गठबंधन को लेकर एक बार फिर से जजपा को घेरा है। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा की 10 में से 9 सीटें भाजपा ने लाखों वोटों से जीती हैं। केवल रोहतक सीट पर मार्जन कम था। 2 लोकसभा सीटों की जीत का मार्जन देश में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहा। इसलिए गठबंधन का सवाल तो तब है कि जब आपको किसी से लाभ होगा।

**समाज का एक वर्ग भाजपा को हराना चाहता था**

गठबंधन करने पर हरियाणा की सीटें 10 से 11 तो हो नहीं सकती और इसके तहत 2 से 3 सीटें किसी को देनी पड़े। जजपा के पास वोट ही नहीं है। उसे जो वोट मिला था, वो दो तरह का था। समाज का एक वर्ग जो भाजपा को चुनाव में हराना चाहता था। उनका यह भी मत था कि 6 फीट से ऊपर का जवान है, उसमें हराने की क्षमता ज्यादा हो। इसलिए वे ओमप्रकाश की चौटाला की पार्टी को




छोड़कर लंबे जवान के साथ लग गए। वह वोट नहीं था। आज उनके पास ही वोट नहीं है, वो भाजपा को क्या दिलवाएंगे।

**बीरेंद्र सिंह की फ्रस्टेशन दिखती है**

बीरेंद्र सिंह के बयान पर दिग्विजय चौटाला ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता पार्टी लाइन से हटकर अपनी पार्टी पर ही सवाल उठाता है तो यह उनकी फ्रस्टेशन को दर्शाता है। बीजेपी-जेजेपी का गठबंधन मजबूत है और यह जारी रहेगा।

बता दें कि चौधरी बीरेंद्र सिंह का परिवार भाजपा और जजपा गठबंधन को तोड़ने के पक्ष में है। हाल ही में बरवाना में हुई भाजपा की रैली में भी मंच से जजपा से छुटकारा पाने की पार्टी को सलाह दी थी।

उचाना सीट को लेकर दोनों के बीच बयानबाजी हो चुकी है। दोनों ही परिवार इस सीट पर चुनाव लड़ेंगे। अभी तक पांच बार दोनों परिवार चुनावी मैदान में एक दूसरे के सामने ताल ठोंक चुके हैं। जिसमें तीन बार बीरेंद्र सिंह का परिवार व दो बार चौटाला परिवार चुनाव जीता है।

## इमरान को फंसने रातोंरात सख्त कर दिया कानून

इस्लामाबाद । पाकिस्तान की शाहबाज सरकार ने पूर्व पीएम इमरान खान पर श?िकंजा कसना और तेज कर द?िया है। भ्रष्टाचार के एक मामले में मंगलवार को देश की शीर्ष भ्रष्टाचार रोधी जांच एजेंसी के सामने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पेशी थी। लेकिन इसके कुछ घंटे पहले ही पाकिस्तान सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी कानूनों में रातोंरात बदलाव कर उन्हें और अधिक सख्त बना दिया है। जियारत के लिए गए राष्ट्रपति आरिफ अल्वी की अनुपस्थिति में उनका कामकाज देख रहे सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को जांच अवधि के दौरान एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने और एनएबी अदालत को भी किसी संदिग्ध को गिरफ्तारी के बाद पहले के 15 दिनों के बजाय अब 30 दिनों की हिरासत में भेजने के प्रावधान की अनुमति का अधिकार देने के लिए एक अध्यादेश जारी किया। प्रधानमंत्री शरीफ की सलाह पर यह अध्यादेश जारी किया गया। संजरानी द्वारा हस्ताक्षरित अधिसूचना में कहा गया कि सारांश के पैरा 6 में प्रधानमंत्री के सुझाव को अनुमोदित किया जाता है। राष्ट्रीय जवाबदेही (संशोधन) अध्यादेश, 2023 पर हस्ताक्षर के साथ इस लागू कर दिया गया है। ये बदलाव आधी रात के आसपास और इमरान के एनएबी के सामने पेश होने से कुछ घंटे पहले किए गए थे। इमरान खान (70) अपनी पत्नी बुशरा बीबी के साथ लाहौर से इस्लामाबाद के लिए रवाना हुए क्योंकि दोनों को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में एनएबी के सामने पेश होना था।

## सदस्यता नहीं होने बावजूद यूक्रेन को नाटो में आमंत्रित करने का आह्वान

कीव । सदस्यता नहीं होने के बावजूद भी कीव को नाटो में आमंत्रित करने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडेन से कहा है। वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि कीव को अभी नाटो में आमंत्रित किया जाए, भले ही सदस्यता बाद में मिले। मीडिया से बात करते हुए, ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन नाटो में शामिल होगा या नहीं, इस बारे में बाइडेन ही निर्णय लेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि वह नाटो में हमारी सदस्यता का समर्थन करते हैं, लेकिन निमंत्रण अभी मिलना यूक्रेनी सैनिकों के मनोबल को ऊंचा करेगा। यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की बात उसके संविधान में निहित है और नाटो के साथ उसके संबंध 1990 के दशक की शुरुआत से है। गौरतलब है कि नाटो 11 और 12 जुलाई को लिथुआनिया में एक शिखर सम्मेलन आयोजित करने वाला है जहां नेताओं द्वारा यूक्रेन की सदस्यता पर चर्चा करने की उम्मीद है। वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने बताया कि अभी वो वक्त है जिसमें यूक्रेन को न्योता मिले। उन्होंने कहा कि यह महसूस करना बहुत महत्वपूर्ण है कि आप वास्तव में भविष्य में सहयोगियों के साथ रहेंगे। ज़ेलेंस्की ने कहा कि वह यह बात जानते हैं कि युद्ध ख़त्म होने से पहले यूक्रेन नाटो में शामिल नहीं होगा। नाटो का कहना है कि क्षेत्रीय विवादों का निपटारा किए बिना किसी देश को नाटो में शामिल किया जाय या नहीं, ये देखना होगा।

## भारतीय दूतावास पर हमले की जमकर हो रही खिलाफत

सैन फ्रांसिस्को । अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हुए हमले की सोशल प्लेटफार्म ट्वीटर पर जमकर खिलाफत हो रही है। गौरतलब है कि खालिस्तानी समर्थकों द्वारा अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय दूतावास में तोड़फोड और आगजनी की गई। इस घटना की सभी दूर सख्त निंदा की जा रही है। मामले को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव तथा जम्मू कश्मीर के प्रभारी सुखमिंदरपाल सिंह ग्रेवाल ने ट्वीट किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि कट्टरपंथी न केवल सरकार की संपत्ति को नष्ट कर रहे हैं बल्कि अमेरिका में मुख्यधारा के पंजाबी समुदाय के लिए बने पुलों को भी जला रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास में आग लगाने की घटना की कड़ी निंदा करते हैं। हम अमेरिकी सरकार से दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह करते हैं और इस आग मामले के संबंध में पुलिस को सिख फॉर जस्टिस के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नून और जेएस धालीवाल की जांच करती है। ग्रेवाल ने कहा कि एसएफजे जो कि पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई के समर्थक है। सैन फ्रांसिस्को पुलिस एसएफपीडी और एफबीआई सैनफ्रांसिस्को को इस मामले की गहनता से जांच करनी चाहिए और दोषियों को पकड़कर सजा देनी चाहिए। वहीं अमेरिका स्थित पंजाब फाउंडेशन के संस्थापक सुखी चहल ने भी भारतीय दूतावास पर हुए हमले की निंदा की है। उन्होंने भी ट्वीट कर कहा कि आगजनी एक जघन्य अपराध और जानबूझ कर की गई साजिश है। 1 जुलाई की रात में लगी आग सचमुच भयावह है। ये कट्टरपंथी तत्व न केवल सरकारी संपत्ति को नष्ट करते हैं बल्कि मुख्यधारा के पंजाबी समुदाय के लिए पुलों को भी जला देते हैं। हमें बार-बार होने वाली हिंसा की इन घटनाओं की कड़ी निंदा करनी चाहिए।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद एआई के संभावित खतरों को लेकर बैठक करेगा

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संभावित खतरों पर पहली बार बैठक आयोजित करेगा। ब्रिटेन द्वारा आयोजित बैठक में एआई के स्वायत्त हथियारों में या परमाणु हथियारों के नियंत्रण आदि में संभावित इस्तेमाल और जोखिम पर चर्चा होगी। ब्रिटेन की राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने कहा कि 18 जुलाई को होने वाली बैठक इस महीने परिषद की अध्यक्षता के दौरान प्रमुख मुद्दा रहेगी। इसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस और कई एआई विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने पिछले माह कहा था, ''इन वैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों ने एआई को परमाणु युद्ध के खतरे के बराबर मानवता के अस्तित्व के लिए खतरा बताकर दुनिया से इस दिशा में कार्रवाई करने का आह्वान किया है। गुतारेस ने संयुक्त राष्ट्र की पहल तैयार करने के लिए सितंबर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक सलाहकार बोर्ड नियुक्त करने की योजना की घोषणा भी की थी। वुडवर्ड ने कहा कि ब्रिटेन चाहता है कि ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता हम सभी के लिए मौजूद विशाल अवसरों तथा जोखिमों दोनों के प्रबंधन के लिए एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करे। उन्होंने इस पर जोर दिया, ''इसके लिए वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता होगी।'' उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के विकास कार्यक्रमों में मदद करने, मानवीय सहायता कार्यों में सुधार करने, शांति अभियानों में सहायता करने और 'डेटा' एकत्र करने तथा विश्लेषण करने सहित संघर्ष रोकने में सहायता करने की एआई की क्षमताओं का हवाला देकर कहा कि इससे होने वाले फायदे भी बहुत हैं।

## फिलाडेल्फिया में गोलीबारी में चार की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार

फिलाडेल्फिया। अमेरिका के फिलाडेल्फिया शहर में 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पहने एक बंदूकधारी ने अंधाधुंध गोलियां चलायी जिसमें चार लोगों की मौत हुई और दो अन्य लोग घायल हुए हैं। पुलिस आयुक्त डेनियल आउटलॉ ने बताया कि हताहत हुए सभी पुरुष हैं। संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध ने 'बुलेटप्रूफ जैकेट' पहन रखी थी, उसके पास कई मैगजीन, एक 'एआर-टाइप राइफल', एक हैंडगन और एक पुलिस स्कैनर था। आउटलॉ ने कहा, ''अभी हमें बस इतना पता है कि यह व्यक्ति अपने घर से निकला और लोगों को निशाना बनाना शुरू कर दिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से एक दिन पहले बाल्टीमोर में गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 28 अन्य लोग घायल हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, फिलाडेल्फिया में गोलीबारी देश में इस साल सामूहिक गोलीबारी की 29वीं घटना है।

## स्वीमिंग पूल में नहाने से बच रहे लोग, पाकिस्तान में नेगलेरिया का खतरा

लाहौर । पाकिस्तान में लोग इन दिनों स्वीमिंग पूल में नहाने से डर रहे हैं। क्योंकि यहां एक नई बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान के लाहौर शहर में खतरनाक अमीबा नेगलेरिया का पहला मामला सामने आया है। हेल्थ एक्सपर्ट्स ने लोगों को उन पूलों में तैरने से परहेज करने की चेतावनी दी है, जिनका ठीक से क्लोरीनीकरण नहीं किया गया है। लाहौर में नेगलेरिया के पहले मामले की पुष्टि एक निजी प्रयोगशाला ने की है। जानकारी के अनुसार नेगलेरिया के शिकार हुए 30 साल के एक मरीज को सर्विसेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सर्विसेज हॉस्पिटल के डॉ. एहतिशाम हक ने कहा कि मरीज में पिछले चार दिनों से सिरदर्द, बुखार समेत कई लक्षण थे।




बैंकाक में राजा महा विजारलोकर्ल के संसद के नये सत्र के उदघाटन से पहले मूव फारवर्ड लीडर पिटा लिमजारोरेट संसद सदस्यों के साथ नजर आये।

## कश्मीर पर नहीं मिल रहा किसी का साथ, बौखलाए बिलावल दे रहे ज्ञान

तोक्यो । जापान के आधिकारिक दौरे पर पहुंचे पाकिस्तानी विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी कश्मीर पर दुनिया का साथ नहीं मिलने पर बौखला गए हैं। बिलावल ने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। बिलावल ने कहा कि जब तक कश्मीर का विवाद सुलझ नहीं जाता, तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आएगी। उन्होंने हताशा जाहिर की कि दुनिया कश्मीर में भारत के कदम को लेकर चुप्पी साधे हुए है। बिलावल ने आरोप लगाया कि भारत धार्मिक उन्माद की गिरफ्त में है। बिलावल ने कहा, पाकिस्तान का मानना है कि जब तक जम्मू-कश्मीर विवाद का आपसी संवाद और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों तथा अंतरराष्ट्रीय सिद्धांतों के मुताबिक हल नहीं होता है, तब तक दक्षिण एशिया में शांति नहीं आ सकती है। कश्मीर में आतंकियों को भेजने वाले पाकिस्तानी विदेश मंत्री ने दावा किया कि वह एक हल के लिए तैयार हैं लेकिन दक्षिण एशिया में शांति के लिए उन्हें कोई भागीदार नहीं मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत बातचीत और कूटनीति के लिए कोई जगह ही नहीं दे रहा है। बिलावल की हताशा उस समय साफ दिखी, जब उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय कश्मीर में भारत के उठाए कदमों पर निराशाजनक चुप?पी साधे हुए है। बिलावल भुट्टो ने जापान के दुश्मन चीन की भी तोक्यो में तारीफ कर डाली। उन्होंने कहा कि चाइना-पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर से पाकिस्तान में कई अवसर पैदा हुए हैं। उनका इशारा था कि जापान भी सीपीईसी से पैदा हुए अवसर का लाभ उठाए। भुट्टो ने कहा कि विकासशील देश गंभीर आर्थिक और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, इसके बाद उनके पास कोल्ड वॉर के समय के ब्लॉक पॉलिटिक्स के लिए समय नहीं है।

# 15 साल पहले गठबंधन में शामिल होने का किया था अनुरोध, अब जाकर एससीओ का पूर्ण सदस्य बना ईरान

**ओटावा (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल रूप से एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि ईरान संगठन के नए सदस्य के रूप में शामिल होने जा रहा है और बेलारूस की एससीओ सदस्यता के लिए दायित्व ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का भी स्वागत किया। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि आज ईरान एक नए सदस्य के रूप में एससीओ परिवार में शामिल होने जा रहा है। इसके लिए, मैं राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और ईरान के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। साथ ही, हम बेलारूस के लिए दायित्व ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने का स्वागत करते हैं।



ईरान ने मूल रूप से 15 साल पहले गठबंधन में शामिल होने का अनुरोध किया था। एससीओ प्रवेश की एक कठोर प्रक्रिया का पालन करता है। 2021 में ईरान के विदेश मंत्रालय ने घोषणा की कि वे नौवें सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल हो गए हैं। इस्लामिक गणराज्य ईरान शंघाई सहयोग संगठन का 9वां सदस्य बन गया है। ताजिक राजधानी दुशांबे में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 21वें शिखर सम्मेलन के अंत में संगठन के आठ मुख्य सदस्यों के नेताओं ने इस्लामी गणराज्य ईरान की सदस्यता को पर्यवेक्षक सदस्य से बदलने पर सहमति व्यक्त की। पूर्ण सदस्य और प्रासंगिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए।

## पिछले 6 वर्षों में एससीओ में भारत के योगदान को किया रेखांकित, विश्व स्तर पर आतंकवाद के खात्मे को लेकर बात, पीएम मोदी के संबोधन का विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने दिया ब्यौरा

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन पर विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि आप सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी सुनी होगी। प्रधानमंत्री ने पिछले 6 वर्षों में एससीओ में भारत के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने क्षेत्र और विश्व स्तर पर आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मेलन को वर्चुअल माध्यम से संबोधित किया। भारत ने आज शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री मोदी ने की, बैठक में चीन, ताजिकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, कजाकिस्तान, उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने हिस्सा लिया।

# पुतिन ने यूक्रेन में उतारा अपना सबसे घातक हथियार

### -ओखोतनिक ड्रोन से यूक्रेन पर हमला किया

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस ने यूक्रेन के खिलाफ अपना सबसे खतरनाक हथियार उतार दिया हैं। इतना ही नहीं इस हथियार का किसी युद्ध में पहली बार इस्तेमाल हुआ। रूस ने इस हथियार के प्रोटोटाइप से ही यूक्रेन पर हमला कर दिया। इसका नाम है एस-70 ओखोतनिक हैवी स्टेल्थ ड्रोन है। इस ड्रोन को सुखोई और मिकोयान ने मिलकर डिजाइन किया है। इसकी पहली उड़ान 3 अगस्त 2019 को हुई थी। अगले साल रूस इस घातक ड्रोन को अपनी सेना में शामिल करेगा। यानी अभी ट्रायल चल रहा है। इसी ट्रायल के दौरान ही ओखोतनिक ड्रोन से यूक्रेन के सूमी इलाके में मौजूद मिलिट्री सुविधा पर हमला कराया गया। इसके सिर्फ दो प्रोटोटाइप ही हैं।

इस हैवी ड्रोन का विकास रूस ने इसलिए किया ताकि अमेरिका के स्काईबोर्ग प्रोग्राम को टक्कर दे सके। इस ड्रोन को रिमोट से चलाया जाता है। या फिर लोकेशन फीड कर दीजिए। ये जाएगा वहां पर बमबारी करके वापस आ जाएगा। इसका वजन करीब 20 टन है। विंगस्पैन 65 फीट है। फिलहाल इसकी अधिकतम गति 1000 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

एस-70 ओखोतनिक हैवी स्टेल्थ ड्रोन की रेंज 6 हजार किलोमीटर है। यानी शांति के दौरान इतनी लंबी उड़ान भर सकता है। लेकिन युद्ध के दौरान इसकी रेंज आधी होती है, क्योंकि इसमें हथियार लगाए जाते हैं। हथियारों के लिए इसमें दो इंटरनल पॉड बने हैं। जिसमें 2000 किलोग्राम के गाइडेड या अनगाइडेड हथियार लगाए जा सकते हैं। ये बम या मिसाइल या रॉकेट या तीनों का मिश्रण हो सकते हैं।

रूस की तैयारी है कि वहां अपने प्रोजेक्ट 23900 इवान रोगोव विमानवाहक युद्धपोत के लिए 4 ओखोतनिक ड्रोन बनाएगा। जो उस युद्धपोत पर तैनात रहने वाले हैं। ताकि किसी भी देश में निगरानी की जा सके या फिर स्ट्राइक मिशन किया जा सके।

# देशद्रोहियों से लड़ना और समाज को एकजुट करना था प्रिगोझिन का मिशन

### -जल्दी ही रूस लौटेंगे वैगनर चीफ, अपने हिंसक विद्रोह का किया बचाव

**मॉस्को (एजेंसी)।** पुतिन के खिलाफ बगावत पर उतारु हुए प्रिगोझिन ने पहली बार चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने हिंसक विद्रोह को देशद्रोहियों से लड़ने और समाज के एकजुट करने का नाम दिया है। जानकारी के अनुसार प्रिगोझिन जल्दी ही रूस लौटने वाले हैं। गौरतलब है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ असफल विद्रोह और फिर बेलारूस में शरण, कई महत्वपूर्ण घटनाक्रम से भरे हफ्ते के बाद आखिरकार वैगनर ग्रुप के चीफ येवगेनी प्रिगोझिन ने अपनी बात कही है। अपने विद्रोह की असफलता के बाद से प्रिगोझिन चुप थे लेकिन अब उन्होंने अपने समर्थकों का धन्यवाद दिया है। बेलारूस में शरण लेने और हफ्ते भर की चुप्पी के बाद जब प्रिगोझिन बोले तो उन्होंने अपने हिंसक विद्रोह का बचाव किया और इसे मार्च टू जस्टिस बताया। उन्होंने कहा कि उनका मिशन देशद्रोहियों से लड़ना और समाज को एकजुट करना था। प्रिगोझिन ने रूस की जनता से वैगनर आर्मी के लिए खड़े होने की अपील की। अपने अनुरोध में उन्होंने कहा, हमें आपके समर्थन की पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है।

प्रिगोझिन ने अपने संदेश में उन्होंने कहा कि आने वाले भविष्य में, मुझे यकीन है कि आप मोर्चे पर हमारी अगली जीत देखेंगे। प्रिगोझिन ने ये बातें टेलीग्राम पर पोस्ट किए एक 41 सेकेंड के वॉइस मैसेज में कहीं। जानकार बताते हैं कि 36 घंटे के सशस्त्र विद्रोह का नेतृत्व, दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा और मॉस्को के 200 किमी के भीतर अपने लड़ाकों को भेजने के बाद प्रिगोझिन रूस के सबसे बड़े दुश्मन बन चुके हैं। पुतिन ने उनके विद्रोह को पीठ में छुरा घोंपना बताया था और इसकी निंदा की थी।

हालांकि बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने पुतिन और वैगनर चीफ के बीच समझौता कराया था जिसके तहत प्रिगोझिन और उनके लोग निर्वासन में चले गए थे। 26 जून को टेलीग्राम पर पोस्ट किए अपने आखिरी बयान में प्रिगोझिन ने कहा कि खून खराबे से बचने के लिए उन्होंने अपने लोगों को बेस पर वापस जाने का आदेश दिया है। उस समय वैगनर चीफ ने तख्तापलट की अटकलों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि विद्रोह का उद्देश्य सरकार को उखाड़ फेंकना नहीं था बल्कि वैगनर के विनाश को रोकने का प्रयास था।

# फ्रांस बढ़ रहा शांति की ओर, देश बचाने के लिए दंगाइयों से भिड़े आम लोग

**पेरिस (एजेंसी)।** पुलिस फायरिंग में 17 साल के नाहेल की मौत के बाद फ्रांस में फैली अशांति छह दिन बाद कम होती दिख रही है। सरकारों के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए पूरे फ्रांस में टाउन हॉलों में भीड़ जमा हुई। गृह मंत्रालय के अनुसार, रातभर में 157 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले 30 जून को हुई हिंसा के दौरान रात भर में 3880 लोगों को गिरफ्तार किया है। अपने देश को जलता देख फ्रांस के मूल निवासी सड़कों पर उतर आए हैं। अपने देश को बचाने के लिए फ्रांसिसी लोग शरणार्थियों और प्रवासियों से भिड़ गए हैं। फ्रांस के लोग दंगाईयों से अपने देश की रक्षा करना चाहते हैं।



सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें वायरल हो रही है जिसमें देखा जा सकता है कि फ्रांस के लोग लाठी-डंडों के साथ दुकान लूट रहे दंगाईयों को पीट रहे हैं। आपको बता दें कि फ्रांस में दंगाईयों ने स्कूल जला दिए, बैंक लूट लिए और लाइब्रेरी में आग लगा दी। दंगाईयों ने आम लोगों के घरों में भी आग लगा दी और उनकी गाड़ियां भी फूंक डाली। बस इसी के बाद से फ्रांस की आम जनता का सब्र टूट गया। उन्होंने दंगाईयों से निपटने के लिए खुद ही सड़क पर उतरने का फैसला कर लिया।

गृह मंत्री गेराल्ड डमनिन ने बताया कि 45,000 पुलिस अधिकारियों को पूर्व फ्रेंच कॉलोनियों से जुड़े और कम आय वर्ग वाले इलाकों में रहने वाले लोगों के खिलाफ भेदभाव को लेकर आक्रोश से निपटने के लिए तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए जाने वालों की औसत उम्र 17 साल है।

# चीन में घूमने फिरने वालों पर भी हो रही पीआरसी के तहत जेल

### -अमेरिका ने अपने नागरिकों को दी चेतावनी, जासूसीरोधी कानून के शिकंजे में न फंसें

**बीजिंग (एजेंसी)।** अमेरिका ने अपने नागरिकों को चेतावनी दी है कि वे चीन में घूमने फिरने न जाएं, क्योंकि मनमाने तरीके से चीन पीआरसी के तहत कार्रवाई करके लोगों को जेल भेज रहा है। यहां कानून को लागू करने, निकास प्रतिबंधों और गलत तरीके से हिरासत में लिए जाने के जोखिम के मद्देनजर अमेरिका ने अपने नागरिकों को चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करने का परामर्श जारी किया है। हालांकि किसी खास मामले का हवाला तो नहीं दिया गया लेकिन यह सलाह मई में जासूसी के आरोप में 78 वर्षीय अमेरिकी नागरिक को आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद आई है। यह पिछले सप्ताह (चीन के) व्यापक विदेशी संबंध कानून के पारित होने के बाद आया है जो चीन के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों के खिलाफ जवाबी कदम उठाने की धमकी देता है। गौरतलब है कि चीन ने हाल ही में व्यापक रूप से लिखित जासूसीरोधी एक कानून भी पारित किया है, जिसके तहत कार्यालयों पर छापे मारे गए हैं। इससे विदेशी व्यापार समुदाय में खलबली मची हुई है। इसके साथ ही विदेशी आलोचकों पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून भी बनाया गया है।

अमेरिकी के मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी) सरकार कानून के तहत निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के बिना, मनमाने ढंग से स्थानीय कानूनों को लागू करती है, जिसमें अमेरिकी नागरिकों और अन्य देशों के नागरिकों पर निकास प्रतिबंध जारी करना शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया, पीआरसी में यात्रा करने वाले या रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को अमेरिकी दूतावासीय सेवाओं तक पहुंच के बगैर या उनके कथित अपराध के बारे में जानकारी के बिना हिरासत में लिया जा सकता है। हालांकि शीर्ष अमेरिकी राजनयिक ने कहा कि उन्होंने चीन में गलत तरीके से हिरासत में लिए गए तीन अमेरिकियों, काई ली, मार्क स्विडन और डेविड लिन के मामलों को उठाया और कहा कि उनकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयास के लिए बातचीत चल रही है।

# कुरान जलाने वाले स्वीडन के खिलाफ एकजुट हुए 57 मुस्लिम देश, कहा- बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**(एजेंसी)।** 28 जून की स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम के मस्जिद के सामने 37 साल के सलमान मोमिका ने कुरान में आग लगा दी। इस घटना की पूरी दुनिया में निंदा हुई। मुस्लिम देशों के सबसे बड़े संगठन आईओसी ने एक आपातकालीन बैठक बुलाई और स्वीडन के खिलाफ इस बैठक में कड़ा एक्शन लेने की मांग की गई है। मामला बढ़ता देख स्वीडन की सरकार ने भी इस घटना की निंदा कर दी है। लेकिन स्वीडन की परेशानी इससे कम होती नजर नहीं आ रही है। मुस्लिम देश स्वीडन के पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं।

### स्वीडन की सरकार ने की निंदा

स्वीडिश विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये कृत्य स्वीडिश सरकार के विचारों को प्रतिबिंबित नहीं करते हैं। भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सामूहिक कार्रवाई के लिए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के आह्वान के बाद यह बयान आया। बयान में स्वीडिश विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि वे देश में प्रदर्शनों के दौरान लोगों द्वारा किए गए इस्लामोफोबिक कृत्यों के कारण मुसलमानों को होने वाले अपराध से अवगत हैं।

### मुस्लिम देशों के संगठन ने की बैठक

ओआईसी की बैठक में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, पाकिस्तान, ईराक, ईरान, कुवैत समेत सभी मुस्लिम देशों ने स्वीडन को मजा चखाने की बात की है। मोरक्को ने तो विरोध जताते हुए अपने राजदूत को अनिश्चितकाल के लिए स्वीडन से वापस बुला लिया है। ईरान ने तो स्वीडन में अपने नए राजदूत को भेजने से इनकार कर दिया है। सऊदी अरब ने भी स्वीडन के राजदूत को तलब किया। इस पूरे मामले पर इराक का बयान भी सामने आया है। कुरान जलाने वाला शख्स इराक का ही रहने वाला था। इराक का कहना है कि वो कई साल पहले ही देश छोड़कर स्वीडन जाकर बस गया है।

### कुरान जलाने की मिली थी इजाजत

सलमान मोमिका ने अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कुरान जलाने की इजाजत मांगी और उसे मिल भी गई। कुरान जलाने की इजाजत देना स्वीडन को भारी पड़ गया। स्वीडन में रहने वाले इराकी सलवान मोमिका ने स्टॉकहोम की केंद्रीय मस्जिद के सामने मुस्लिम पाठ की एक प्रति में आग लगा दी। कुरान जलाया गया जब दुनिया भर के मुसलमानों ने मुस्लिम कैलेंडर के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक ईद अल-अजहा का पहला दिन मनाया। ईद उल अजहा के दिन कुरान जलाने का वीडियो भी सामने आया है।



## नेपाल और बिहार में हो रही बारिश से नादियां उफान पर, बाढ़ का खतरा बढ़ा


पटना ।नेपाल के तराई क्षेत्रों सहित बिहार के कई इलाकों में हो रही बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियों के जलस्तर में वृद्धि हो रही है।नदियों के उफान पर आने के कारण कई इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है।जल संसाधन विभाग द्वारा बनाए गए बाढ़ नियंत्रण कक्ष के मुताबिक, मंगलवार सुबह छह बजे कोसी नदी का वीरपुर बराज पर जलस्तर 89,145 क्यूसेक था।जबकि, 10 बजे सुबह 1,02,765 क्यूसेक पहुंच गया।गंडक नदी का वाल्मीकि नगर बराज पर जलस्तर 83,900 क्यूसेक है, जो स्थिर बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकांश इलाकों में बारिश का अनुमान है।बिहार में हो रही बारिश और नेपाल से आ रहे पानी के कारण नदियों का जलस्तर बढ़ता जा रहा है।राज्य की प्रमुख नदियां गंगा, गंडक, बूढ़ी गंडक, कोसी, बागमती उफान पर हैं।लेकिन, ये अभी भी खतरे के निशान से नीचे हैं। आशंका है कि नेपाल और बिहार में लगातार बारिश हुई तब कई नदियां खतरे के निशान को पार कर जाएगी।जल संसाधन विभाग का दावा है कि तटबंधों पर लगातार निगरानी की जा रही है।विभाग के मंत्री संजय कुमार झा ने भी दो दिन पहले कई इलाकों में जाकर तटबंधों का निरीक्षण किया था।झा ने दो दिन पहले दरभंगा बागमती नदी के बाएं तट पर एकमी घाट से सिरनिया तक निर्मित 10.5 किमी लंबे तटबंध का निरीक्षण किया तथा इसकी सुरक्षा एवं सुदृढ़ीकरण के संबंध में विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।यह तटबंध बहादुरपुर, हनुमान नगर और हायाघाट प्रखंड के अधीन पड़ता है।इससे दरभंगा शहर के साथ-साथ उक्त तीनों प्रखंडों को बाढ़ से सुरक्षा मिलती है।तटबंध पर तीन एंटी फलड स्लूईस भी निर्मित हैं, जिससे शहर में जमा बारिश के पानी की निकासी होती है। इसके अलावा बेनीपुर प्रखंड में सकरी शाखा नहर की बिंदु दूरी 140.00 के पास स्थल निरीक्षण किया।

## तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को मारी गोली, भाजपा पर लगाया आरोप

कोलकाता ।पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनावों को लेकर हिंसा होने की खबरें मिल रही हैं।यहां तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता को गोली लगी है जिससे वह घायल हो गया है। गोली चालन में भाजपा कार्यकर्ता का हाथ बताया गया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण 24 परगना जिले में राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस के दौरे.के एक दिन बाद मंगलवार की सुबह से आगामी पंचायत चुनावों को लेकर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।ताजा खबर के मुताबिक, बसंती में गोलीबारी में तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता खगेन भूटिया (55) गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें स्थानीय प्राथमिक ब्लॉक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने इस घटना के लिए स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं को दोषी ठहराया है, जिसे खारिज कर दिया गया है।घटना के बाद बसंती इलाके में तनाव और छिटपुट झड़पें शुरू हो गईं। हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की एक टुकड़ी वहां पहुंच गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज होने तक इलाके में तनाव व्याप्त था। उसी जिले के भांगर के माझेरहाट इलाके में सोमवार देर रात तृणमूल कांग्रेस और ऑल इंडिया सेक्युलर फ्रंट (एआईएसडी) के कार्यकर्ताओं के बीच बड़े पैमाने पर झड़पें हुई। सूचना पर रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) के जवानों के साथ पुलिस दल इलाके पर पहुंचा और स्थिति पर काबू पाया। स्थानीय एआईएसएफ नेतृत्व ने आरोप लगाया है कि पुलिस जानबूझकर उनके समर्थकों को ही गिरफ्तार कर एकतरफा कार्रवाई कर रही है।गौरतलब है ?कि सोमवार दोपहर को ही राज्यपाल ने बसंती का दौरा किया और मारे गए तृणमूल कांग्रेस नेता जियारुल मोल्ला की बेटी मनोआरा पियादा से मुलाकात की, जिनकी कथित तौर पर उनकी ही पार्टी के सहयोगियों ने रविवार सुबह हत्या कर दी थी।

## भाईचारे के साथ आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग सिखाती है अमरनाथ यात्रा :सिन्हा

श्रीनगर ।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा है कि अमरनाथ यात्रा भाईचारे के साथ आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग भी सिखाती है। उन्होंने सोमवार को नुनवान और चंदनवारी आधार शिविरों का दौरा करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान एलजी ने सभी संबंधित विभागों को भक्तों के लिए अमरनाथ यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त बनाने के लिए हरसंभव उपाय करने का निर्देश दिया।एलजी ने कहा अमरनाथ यात्रा ने पिछली कई शताब्दियों में हमारी समग्र संस्कृति में बहुत बड़ा योगदान दिया है। वार्षिक तीर्थयात्रा जम्मू-कश्मीर की अमूल्य संस्कृति और ऐतिहासिक परिवर्तन को प्रदर्शित करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करती है। एलजी मनोज सिन्हा ने आगे कहा कि वार्षिक तीर्थयात्रा विभिन्न क्षेत्रों और राज्यों के लोगों को एक ही स्थान पर लाती है।यह न केवल मानव जाति के भाईचारे का प्रतीक है, बल्कि आध्यात्मिक मुक्ति का मार्ग भी दिखाता है और सभी को समानता, करुणा और मानवतावाद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है।उपराज्यपाल ने कहा कि दुनिया की निगाहें जम्मू-कश्मीर पर हैं, क्योंकि हम वार्षिक यात्रा का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारियों को तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत और यादगार अनुभव देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।एलजी ने तीर्थयात्रा के सुचारू संचालन को सक्षम करने, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए कटऑफ समय पर प्रभावी समन्वय सुनिश्चित करने के लिए सभी को मिलकर काम करने का आग्रह करते हुए निर्देश दिया।



## अनुच्छेद 370 को हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर होगी सुनवाई

नई दिल्ली ।अनुच्छेद 370 को हटाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिए सीजेआई ने पांच जलों की संवैधानिक पीठ का गठन किया है।जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के करीब चार साल बाद प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ केंद्र सरकार के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर जारी एक नोटिस के अनुसार, पांच न्यायाधीशों की पीठ दिशानिर्देश पारित करने के लिए आईएएस अधिकारी शाह फैसल द्वारा दायर याचिका सहित अन्य याचिकाओं पर 11 जुलाई को सुनवाई करेगी। सीजेआई द्वारा गठित संवैधानिक पीठ में जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस सूर्यकांत भी शामिल हैं। वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी फैसल अखिल भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में अव्वल आने वाले पहले कश्मीरी हैं।उन्हें संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के बाद एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रखा गया था।फैसल ने सेवा से इस्तीफा दे दिया था और जनवरी 2019 में एक राजनीतिक पार्टी 'जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट की शुरुआत की थी। सरकार ने उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया था और पेशे से डॉक्टर फैसल को बाद में केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय में तैनात किया गया था।फैसल ने अनुच्छेद 370 पर सरकार के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की थी। अनुच्छेद-370 समाप्त करने के केंद्र के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दायर की गई थीं। फैसल ने पिछले साल अप्रैल में एक आवेदन दायर कर उन सात याचिकाकर्ताओं की सूची से अपना नाम हटाने का आग्रह किया था, जिन्होंने संविधान के अनुच्छेद 370 को हटाए जाने को चुनौती दी है।


## कावड़ यात्रा पर नजर रखने लगाए गए एक हजार सीसीटीवी कैमरे

नई दिल्ली ।कावड़ यात्रा 4 जुलाई से शुरू हो गई है। हरिद्वार से कांवड़िए 10 अगस्त के बाद लौटने लगेंगे।नोएडा दिल्ली और हरियाणा को जोड़ता है।ऐसे में दिल्ली के ओखला, बदरपुर, सरिता विहार और हरियाणा के अधिकतर श्रद्धालु नोएडा होकर ही एनएच-9 होते हुए हरिद्वार जाएंगे और वापस आएंगे।इन सभी रूट की निगरानी इंटीग्रेटेड सीक्यूरिटी ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए कमांड कंट्रोल रूम से की जाएगी। आईएसटीएमएस के तहत नोएडा में 1043 से ज्यादा कैमरे लगाए गए है। प्राधिकरण डीजीएम एसपी सिंह ने बताया कि नोएडा के सभी चौराहे और संवेदनशील मार्ग इन कैमरों की जद में है। अगर यातायात पुलिस की ओर से डिमांड की जाती है, तो जहां वे कहेंगे, वहां भी कैमरे लगा दिए जाएंगे। नोएडा में अधिकतम श्रद्धालु सेक्टर-14ए के शनि मंदिर में जल चढ़ाते हैं।यहां विशेष इंतजाम किए जाते है।इसलिए यहां एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया जाता है।हर साल की तरह यहां भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

## राजस्थानः चुनावी बयानबाजी के बीच बोले किरोड़ी लाल मीणा,

# मुझे सभी कुवारों की लिस्ट दे दो, सबकी शादी करवा दूंगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** राजस्थान में इस साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर लगातार जारी है। एक ओर जहां कांग्रेस लोक लुभावने वायदे कर रही है तो वहीं भाजपा भी जनता को अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए कई वादे कर रही है। तमाम बड़े नेता चुनावी प्रचार में जमीन पर उतरे हैं। इसी कड़ी में उनकी ओर से कुछ ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, इस पर लगातार चर्चा हो रही। भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का एक बयान जबरदस्त तरीके से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अपने बयान में किरोड़ी लाल मीणा ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जितने भी कुंवारे हैं उनकी सूची दो, मैं सभी की शादी कराऊंगा। फिलहाल किरोड़ी लाल मीणा के इस बयान को लेकर जबरदस्त चर्चा है।



### कुंवारों की मुझे लिस्ट दो

राजस्थान चुनाव को लेकर भाजपा के बड़े नेता लगातार ग्रामीण इलाकों का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में किरोड़ी लाल मीणा करौली के मामचारी गांव पहुंचे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैं यहां एक स्पेशल अनाउंसमेंट करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जितने भी कुंवारे हैं, उन सब की लिस्ट मुझे दे दो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं सभी की शादी करा दूंगा। उन्होंने राजस्थान की सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने साफ तौर पर कहा किया है सब लोग लूटने में लगे हैं। जिसमें मंत्री के भाई, दामाद, बहनोई, बहन सब शामिल हैं। सब ने मिलकर लूट मचा रखी है।

### घोटाले का लगाया आरोप

अपने संबोधन में किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि मैं यहां राजनीतिक बातें करने नहीं आया हूं। हालांकि, उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान में जितनी भी खाने चल रही हैं, उसमें कांग्रेस शासन में अब तक का सबसे बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि 66000 करोड रुपए का घोटाला हुआ है। किरोड़ी लाल मीणा लगातार राजस्थान की सरकार पर घोटाले का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने कई बार राजस्थान के मंत्री पर भी निशाना साधा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह लूट ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगी। भाजपा की सरकार आने वाली है।

## संकट में लालू कुनबा तेजस्वी, राबड़ी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली ।केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला से जुड़े मामले में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है।अधिकारियों ने बताया कि मामले में यह दूसरा आरोपपत्र है, इसमें 14 अन्य लोगों के भी नाम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह मामले में पहला आरोपपत्र दाखिल होने के बाद सामने आए दस्तावेजों और सबूतों के आधार पर दाखिल किया गया है।उन्होंने बताया कि मामले में पहली बार तेजस्वी का नाम आरोपी के तौर पर शामिल हुआ है। आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अलावा आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी सहित संबंधित प्रासंगिक धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यादव परिवार के सदस्यों के अलावा, सीबीआई ने मामले में एके इफोसिस्टम्स और कई बिचौलियों को भी नामजद किया है। आरोपपत्र विशेष सीबीआई अदालत में दाखिल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि दूसरा आरोपपत्र इसकारण दाखिल किया, क्योंकि प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल होने तक आरोपियों की कथित भूमिका के संबंध में जांच पूरी नहीं हुई थी।इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने 'नौकरी के बदले जमीन' लेने संबंधी घोटाले से जुड़े मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से तेजस्वी के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के बाद उन्हें मंत्रिपरिषद से बर्खास्त किए जाने की मांग की है। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि 2004-2009 में संप्रग सरकार में लालू प्रसाद के रेल मंत्री रहने के दौरान बिना किसी विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना के नियमों और प्रक्रियाओं का उल्लंघन कर पसंदीदा लोगों को रेलवे में नियुक्त किया गया।एजेंसी के मुताबिक, रेलवे में नौकरी के बदले में अभ्यर्थियों ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को बाजार भाव से काफी कम दरों पर जमीन बेची थी।

# प्रधानमंत्री मोदी हैं 'महंगाई मैन', सरकार कर रही मुनाफाखोरी: कांग्रेस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सब्जियों और कई खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को केंद्र सरकार पर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'महंगाई मैन' हैं, जिनकी सरकार में देश की जनता महंगाई से बेहाल है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने केंद्र सरकार से यह आग्रह भी किया कि वह जनता को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए और डीजल की कीमत में कमी सुनिश्चित करे। वह संवाददाता सम्मेलन में सब्जी की टोकरी, बिस्किट, चाय, मूंगफली और चटनी के पैकेट लेकर पहुंची थीं। सुप्रिया ने दावा किया कि मोदी सरकार में जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी मौन हैं।



उन्होंने कहा, ''आटा, तेल, दाल, सब्ज़ी, फल सबकी क़ीमतें आसमान छू रही हैं। जनता त्रस्त है, साहेब मस्त हैं! हमने सुपर मैन देखा, स्पाइडर मैन देखा...अब महंगाई मैन को देख रहे हैं। वह जहां जाते हैं, वहां महंगाई बढ़ जाती है...इस 'महंगाई मैन' का नाम नरेन्द्र मोदी है।'' उन्होंने टमाटर के 150 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से बिकने और कुछ अन्य खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का उल्लेख किया। सुप्रिया श्रीनेत ने दावा किया, ''क्या ऐसा है कि सरकार कुछ नहीं कर सकती? बिलकुल ऐसा नहीं है।

कांग्रेस शासित राज्यों में सरकारों ने गैस के दाम घटाए, आर्थिक सहायता के लिए गरीबों के खातों में पैसे डाले। राजस्थान में हम 500 रुपये में गैस सिलेंडर दे रहे हैं, कर्नाटक में महिलाओं को मुफ्त बस सेवा मिलने से उनके हाथों में अतिरिक्त बचत हो रही है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार तुरंत ज़रूरी चीज़ों के दाम को नियंत्रित करने के लिए कदम उठाये। सब्ज़ी के बढ़ते दाम को कम करने के लिए डीजल की क़ीमत घटाये। सस्ते कच्चे तेल का फ़ायदा आम जनता तक पहुंचाये, मुनाफ़ाख़ोरी बंद करे। निर्मम कर वसूली बंद करे, आटा, दही जैसी चीज़ों से जीएसटी हटाये। महंगाई से प्रभावित सबसे गरीब तबक़े को आर्थिक सहायता पहुंचाई जाये।

## मोदी सरनेम मामले में झारखंड हाईकोर्ट से राहुल गांधी को राहत

रांची ।मोदी सरनेम वाले लोगों पर टिप्पणी से जुड़े केस में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद राहुल गांधी को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली है।जस्टिस एसके द्विवेदी की कोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाने का आदेश देकर मामले की सुनवाई के लिए 16 अगस्त की तारीख तय की है। रांची की स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट ने इस केस में संज्ञान लेकर राहुल गांधी को हाजिर होने का आदेश दिया था।इस कोर्ट ने राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के आग्रह की उनकी याचिका भी खारिज की थी।बीते 16 जून को कोर्ट ने राहुल गांधी को पंद्रह दिनों की मोहलत दी थी।इस बीच राहुल गांधी ने स्पेशल एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की, इसपर मंगलवार को सुनवाई हुई।सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने राहुल गांधी के खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाकर मुकदमे के शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी से जवाब मांगा है।राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता दीपांकर ने पैरवी की।

## मध्यप्रदेश चुनाव कांग्रेस की स्टार प्रचारक रहेगी प्रियंका गांधी वाड्रा

### -जबलपुर के बाद ग्वालियर-चंबल का दौरा

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश में साल 2023 के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की ओर से बड़ी भूमिका राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की रहने वाली है। इसके संकेत अभी से मिलने लगे हैं। वे महाकौशल का दौरा कर चुकी हैं, इसी माह उनके ग्वालियर चंबल आने की तैयारी है। राज्य में वर्ष 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के मुख्य प्रचारक के तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सक्रिय थे और उन्होंने चुनाव लड़ने से लेकर जीतने के बाद कांग्रेस सरकार के रोड में को अंतिम रूप दिया था। अब इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में शुरुआती तौर पर राहुल गांधी के स्थान पर प्रियंका गांधी की सक्रियता ज्यादा नजर आ रही है।

बीते माह प्रियंका गांधी महाकौशल के जबलपुर से कांग्रेस के चुनाव प्रचार का शंखनाद कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की ओर से प्रदेशवासियों के लिए पांच गारंटी का भी भरोसा दिलाया था। एक ओर जहां राज्य कांग्रेस चुनाव की तैयारी में लगी है, वहीं राष्ट्रीय नेतृत्व भी राज्य में अपना दखल बढ़ा रहा है। बीते रोज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल का भोपाल आना हुआ और उन्होंने चुनावी तैयारी को लेकर पार्टी के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की। इस बैठक में चुनाव प्रचार की रणनीति पर भी मंथन किया गया।

कांग्रेस के सूत्रों का कहना है कि पार्टी राज्य में चुनाव पूरी ताकत और रणनीति के मुताबिक लड़ने की तैयारी में है और प्रचार अभियान को धारदार बनाया जा रहा है, इसकारण प्रियंका गांधी की राज्य में सक्रियता बढ़ रही है। संभवत 22 जुलाई को उनका ग्वालियर में प्रवास हो सकता है, इस दौरान रोड शो या जनसभा प्रस्तावित है। कांग्रेस के लिए ग्वालियर चंबल इसकारण महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां से नाता ज्योतिरादित्य सिंधिया का है जो कभी कांग्रेस में हुआ करते थे। पार्टी सूत्रों की माने तब शुरुआती तौर पर प्रियंका गांधी की राज्य में सक्रियता रहेगी और प्रचार की कमान भी लगभग उनके हाथ में रहेगी, साथ ही संभावना इस बात की भी है कि चुनाव के करीब आने पर ही राहुल गांधी की राज्य में सक्रियता बढ़ेगी।

कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर हमला बोलकर कहा कि राज्य में 50 प्रतिशत की सरकार है, इसके बाद शिवराज कैसे ईमानदार हैं।

## पुराने भवन में ही होगी संसद के मानसून सत्र की शुरुआत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन से ही शुरू होगा। इसके बाद नए संसद भवन में शिफ्ट हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि मीनाक्षी लेखी सोमवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में शामिल हुईं थी। बैठक से निलकने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि संसद का मानसून सत्र पुराने संसद भवन में ही आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नए संसद भवन में चला जाएगा। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में फेरबदल की अटकलों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को ट्वीट कर बताया, संसद का मानसून सत्र, 2023 आगामी 20 जुलाई से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगा। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। उन्होंने कहा, कि मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य काम-काज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं। इस बार संसद का मानसून सत्र हंगामेदार रहने की संभावना है क्योंकि अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रमुख विपक्षी दलों ने नरेन्द्र मोदी नीत भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चेबंदी शुरू कर दी है। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समान नागरिक संहिता की वकालत करने के बाद कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया आई है। सत्र की शुरुआत पुराने संसद भवन में होगी और बाद में नये संसद भवन में बैठक हो सकती हैं। आसन्न सत्र में केंद्र सरकार 'राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) अध्यादेश की जगह लेने के लिए विधेयक ला सकती है जो सेवा मामलों में दिल्ली सरकार को विधायी एवं प्रशासनिक नियंत्रण देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी कर देगा।

## पूर्वोत्तर राज्यों सहित आदिवासी समूहों को यूसीसी से बाहर रखा जा सकता है : सुशील मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्वोत्तर राज्यों सहित देश के कुछ हिस्सों में आदिवासी समूहों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के दायरे से बाहर रखने पर विचार हो सकता है। भाजपा सांसद सुशील कुमार मोदी ने अपनी अध्यक्षता वाली कानून व न्याय संबंधित संसदीय समिति की बैठक में इसका विचार रखा। बैठक में यूसीसी के स्वरूप को लेकर शुरूआती चर्चा करते हुए उनकी राय ली गई। बैठक में विभिन्न दलों के 17 सांसद एवं विधि आयोग के सदस्य शामिल थे। सबकी राय के आधार पर रिपोर्ट तैयार होगी, जिसे संसद में पेश किया जाएगा।



विधि आयोग के प्रतिनिधियों ने बताया कि अब तक यूसीसी पर 19 लाख सुझाव मिल चुके हैं। अंतिम तिथि 13 जुलाई तक यह संख्या लगभग 25 लाख तक पहुंच जाने की उम्मीद है। सुशील मोदी ने अपने सुझाव में पूर्वोत्तर एवं अन्य आदिवासी क्षेत्रों को प्रस्तावित यूसीसी के दायरे से अलग रखने की बात कर कहा कि सभी कानूनों में अपवाद होते हैं। देश में पहले से भी कई कानून हैं, जिसमें उन्हें कुछ रियायत मिली हुई है।

कई कानून हैं, जो कि पूर्वोत्तर राज्यों में सहमति के बिना वहां लागू नहीं होते है। बैठक में तृणमूल कांग्रेस का कोई सदस्य नहीं आया, जबकि कांग्रेस एवं डीएमके सहित विपक्ष के कुछ सदस्यों ने प्रस्तावित यूसीसी को चुनावी फायदे के लिए बताकर कहा कि इस विवादित विषय पर विमर्श का अभी यह उचित समय नहीं है। बसपा एवं शिवसेना उद्धव गुट ने यूसीसी का समर्थन किया।

भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने भी विरोध नहीं किया, लेकिन समर्थन भी नहीं किया। शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि कई देशों में यह कानून है। विभिन्न समुदायों एवं क्षेत्रों की व्यापक चिंता एवं विमर्श के बाद ही इसपर विचार किया जाना चाहिए। कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा एवं डीएमके सांसद पी विल्सन ने अपने लिखित बयान में यूसीसी पर सुझाव आमंत्रित करने के लिए विधि आयोग के कदम पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि पिछले आयोग ने यूसीसी को जरूरी नहीं बताया था।

यूसीसी पर बने पिछले आयोग को 75 हजार सुझाव मिले थे, जिसके आधार पर रिपोर्ट तैयार भी कर ली गई थी। उसमें कई तरह की विसंगतियों का जिक्र था, जिसके बाद महसूस किया गया कि यूसीसी पर नए तरीके से विचार करे। अब नए सुझावों के आधार पर विधि आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार कर मोदी सरकार के पास अनुशंसा करेगा, जिसे कानून का रूप देने के लिए संसद में पेश किया जाएगा। इसके पहले जरूरत पड़ी तब संसदीय समिति की और बैठकें भी हो सकती हैं।

# अजित पवार को जो उपमुख्यमंत्री बनाता है, उस मुख्यमंत्री की सत्ता चली जाती है



### - चौथी बार डिप्टी सीएम बने अजीत पवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राकापा से बगावत कर अजित पवार ने एक बार फिर महाराष्ट्र में उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। जब भी अजित पवार उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं। उसके बाद मुख्यमंत्री की सत्ता चली जाती है। ऐसा एक बार नहीं 3 बार हो चुका है। अब वह चौथी बार उप मुख्यमंत्री बने हैं। राजनीतिक हलकों में यह कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का कार्यकाल कुछ ही दिनों का बाकी रह गया है। एकनाथ शिंदे का मुख्यमंत्री पद छोड़ना लगभग तय हो गया है।

संविधान में वैसे तो डिप्टी सीएम की कोई पद नहीं है। इसके बाद भी डिप्टी सीएम का पद देकर मुख्यमंत्री अजीत पवार का ओहदा बढ़ाते हैं। अजित पवार अभी तक चार बार उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं। एक बार वह सवा महीने के अंतराल में दो बार डिप्टी सीएम बने थे। उनके कार्यकाल में जो भी मुख्यमंत्री रहा है। वह बदकिस्मत साबित हुआ है। सबसे पहले उन्हें अशोक चाव्हाण ने अपना उपमुख्यमंत्री बनाया था। बाद में अशोक चाव्हाण को खुद मंत्री बनना पड़ा। उसके बाद पृथ्वीराज चव्हाण ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। आज पृथ्वीराज चव्हाण महाराष्ट्र की राजनीति में कहीं पर भी प्रभावी नहीं हैं। देवेंद्र फडणवीस ने उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया था। उन्हें कुछ ही घंटों में मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उद्धव ठाकरे ने भी अजित पवार को अपना उपमुख्यमंत्री बनाया था। उन्हें भी बगावत के कारण मुख्यमंत्री पद खोना पड़ा। अब वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री बने हैं। अजित पवार के उप मुख्यमंत्री बनने के बाद, अब यह कयास लगाए जा रहे हैं, कि जल्द ही एकनाथ शिंदे का मुख्यमंत्री पद से उन्हें इस्तीफा देना तय है। इस तरह के संयोग बहुत कम ही होते हैं। अजित पवार के बारे में यह अभी तक यह सत्य साबित होता आ रहा है। जब भी वह उपमुख्यमंत्री बनते हैं उसके बाद मुख्यमंत्री को बीच में ही सत्ता छोड़कर जाना पड़ता है। महाराष्ट्र की राजनीति में अब एक नई उठापटक शुरू हो गई है। भविष्य को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति अभी तक के सबसे अनिश्चित दौर में चली गई है। आने वाले दिनों में महाराष्ट्र कुछ भी हो सकता है।


स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर,सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/75100 (Subject to Surat jurisdiction)

क्रांति समय
Web site : www.krantisamay.com & epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# शिक्षा के क्षेत्र में साकार हुआ चमत्कार का सपना : सीएम

## सीएम योगी ने किया 'संपर्क स्मार्टशाला : स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ

**संवाददाता**
**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत छह वर्षों में उत्तर प्रदेश ने बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाई है। 2017 के पहले बदहाली से जो स्कूल बंदी के कगार पर थे आज उनका कायाकल्प हो चुका है। दृढ़ संकल्प, संसाधन, तकनीकी, नवाचार के समन्वय से शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार का सपना साकार हुआ है। तकनीकी के बेहतर उपयोग वाला निपुण भारत मिशन शिक्षा की गुणवत्ता सुदृढ़ करने में शानदार परिणाम दे रहा है। सीएम योगी मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग एवं संपर्क फाउंडेशन की पहल पर 'संपर्क स्मार्टशाला-स्मार्ट ब्लॉक' कार्यक्रम का शुभारंभ कर रहे थे। इस कार्यक्रम के माध्यम से नगर क्षेत्र के 58 व चरगांवा ब्लॉक के 68 परिषदीय स्कूलों में एलईडी टीवी,



गणित व अंग्रेजी किट से आच्छादित किया गया। मुख्यमंत्री ने पांच स्कूलों के शिक्षकों को खुद अपने हाथ से टीएलएम किट प्रदान किया। साथ ही संपर्क फाउंडेशन की पत्रिका का भी विमोचन किया। योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है और जब नींव दरक जाएगी तो समाज रूपी भवन कैसे बनेगा। 2017 के पूर्व बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शौचालय, फ्लोरिंग, पेयजल तक की सुविधा नहीं थी। लगभग 1.56 लाख स्कूलों में 1.34 करोड़ बच्चे जाते थे। शिक्षकों की भारी कमी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने दशा सुधारने का संकल्प लिया और बेसिक व माध्यमिक विद्यालयों में पारदर्शी तरीके से 1.65 लाख शिक्षकों की भर्ती की। कोई भी स्कूल जर्जर न रहे, उनमें फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी हो, इसके लिए मिशन कायाकल्प शुरू किया। आज 1.36 लाख स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। स्कूल जाने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर



1.91 करोड़ हो चुकी है। सीएम योगी ने कहा कि पहले बेसिक स्कूलों के बच्चे नंगे पांव जाते थे, उनके पास यूनिफॉर्म नहीं था। आज सरकार उन्हें सभी सुविधाएं दे रही है। उन्हें दो यूनिफॉर्म, जाड़े में स्वेटर, जूते, बैग दिए जा रहे हैं। अब तो इस सुविधा के लिए रकम उनके अभिभावकों के खातों में डीबीटी से भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब 2017 में वह एमएलसी बने तो अपनी पूरी निधि गोरखपुर नगरीय क्षेत्र के बेसिक स्कूलों में फर्नीचर और शौचालय बनवाने के लिए दे दी। इस अवसर पर सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि प्रदेशवासियों के लिए पढ़ाई, दवाई और कमाई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता है और इसमें भी पढ़ाई शीर्ष पर है। बच्चों की पढ़ाई कैसे बेहतर हो, योगी जी हमेशा इस पर चिंतन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को तकनीकी आधारित खेल-खेल में शिक्षा देने और उन्हें रचनात्मकता से जोड़ने की जरूरत है। स्मार्ट स्कूल-स्मार्ट ब्लॉक कार्यक्रम शुरू करने के लिए उन्होंने संपर्क फाउंडेशन का आभार जताया। कारी, बड़ी संख्या में शिक्षक व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। सीएम योगी ने कार्यक्रम स्थल पर बेसिक शिक्षा विभाग की तरफ से लगाए गए निपुण भारत मिशन व संपर्क फाउंडेशन के स्टालों का अवलोकन किया। स्टालों पर मौजूद बेसिक स्कूलों के बच्चों से आत्मीयता से बातचीत की। उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा और उत्साहवर्धन करते हुए खूब पढ़ने को प्रेरित किया। स्टालों पर उन्होंने निपुण भारत मिशन की गतिविधियों और संपर्क फाउंडेशन के कार्यों के बारे में जानकारी ली और शिक्षण में हो रहे नवाचारों की सराहना की।

संक्षिप्त डायरी

## मजदूर क्यों मजबूर : गिरीश सारस्वत

**संवाददाता**



कल रात यात्रा से आने के कारण थकान ज्यादा थी। बिस्तर पर लेटते ही जल्दी आंख लग गई। भोर में जब आंख खुली तो चिड़ियों की चहचहाहट ने अपनी ओर ध्यान खींचा। मन में भाव आया कि चलो बाहर फ्लैट की बालकनी में जाकर चिड़ियों की चहचहाहट को सुनें और खुशियों के गीत गाती उन चिड़ियों को देखें।
कलरव करती चिड़ियों को निहारते हुए एकाएक पास के ही प्रांगण में बन रहे एक अपार्टमेंट पर नजर पड़ी तो देखा कि एक मजदूर परिवार गगनचुम्बी इमारत के नीचे ईटों के चूल्हे पर भोजन व्यवस्था में तल्लीन है। मजदूर हथेली पर चूने के साथ खैनी रगड़ते हुए अधबनी इमारत को देख रहा है तो उसके साथ ही मजदूरी करने वाली उसकी पत्नी जल्दी जल्दी रोटी बेलने में व्यस्त है। मजदूर दम्पति के नंग धड़ंगे बच्चे पास में ही पड़ी ईंटों से घर बनाकर खेलने में मस्त हैं। कुछ ही समय में प्लास्टर रहित यह बिल्डिंग एक आलीशान बहुमंजिला अपार्टमेंट का रूप लेगी और गाड़ी वाले शूटेड बूटेड बाबूजी के सपनों का आशियाना बनाने वाले मजदूर दम्पत्ति बोरे में अपनी रसोई का सामान सिर पर रखकर अपने बच्चों का हाथ पकड़कर निकल पड़ेंगे ऐसे ही एक और आशियाने को बनाने की ओर। बेशक मजदूर के बच्चे कलम के स्थान पर ईंट पत्थरों से खेलते खेलते अपने भविष्य से खिलवाड़ क्यों न करलें, भला हमें इस बात से क्या फर्क पड़ता है? क्योंकि हमें तो विकाशील भारत को विकसित बनाने की योजनाओं से फुर्सत कहाँ हैं?

## लखनऊ में गाड़ियों की चोरी, नेपाल में बेची जा रहीं




**लखनऊ।** पुलिस ने सोमवार को एक वाहन चोर गिरोह का खुलासा करते हुए पांच शातिरों को गिरफ्तार किया। जबकि उनमें से एक मेडिकल कराने के दौरान एक शातिर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इसके चलते सुरक्षा में तैनात एक पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने उनके पास से चोरी की 15 बाइक और एक वैन बरामद की है। इन लोगों ने बताया कि यह चोरी की बाइक नेपाल ले जाकर बेचते थे। जिससे यहां की पुलिस की पकड़ में न आ सके। डीसीपी नॉर्थ एसएम कासिम आब्दी ने बताया कि पुलिस ने सूत्रों की जानकारी पर मड़ियांव में साठ फिटा रोड के पास एक मैदान में चोरी की सूचना पर छापेमारी की। जहां से अहमदाबाद गुजरात निवासी अजहरुद्दीन उर्फ अजहर, अयान उर्फ शोएब खान, शहजाद हुसैन उर्फ वेस्टर्न, इमरान उर्फ अमान, अहमदाबाद गुजरात और कानपुर अनवरगंज निवासी इमरान को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा। जिसमें इमरान और अयान सगे भाई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह चोरी की बाइक 10 से 15 होने पर लोडर में लाद कर नेपाल में बेचते हैं। उनके पास से चोरी की 15 बाइक, दो नेपाली सिम और वैन बरामद हुई है। दूसरी तरफ जब पुलिस टीम आरोपियों का मेडिकल कराने गई तो वहां से इमरान पुलिसकर्मी को चकमा देकर फरार हो गया। जिसके चलते सुरक्षा में तैनात सिपाही मुकेश मौर्या को सस्पेंड कर विभागीय जांच के आदेश दिए। सिपाही मुकेश के मुताबिक सभी आरोपियों को एक साथ ठाकुरगंज स्थित टीबी अस्पताल मेडिकल के दौरान एक सिपाही मौजूद था। इमरान ने बाथरूम जाने की बात कही और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उसके बाद पीछे की दीवार फांदकर भाग निकला। आरोपियों ने बताया कि वह लोग कई सालों से बाइक चोरी का काम करते है। बड़ा हाथ लगने के बाद घूमने के लिए नेपाल और मुंबई फ्लाइट से जाते थे। जहां लग्जरी होटलों में रहकर मौज मस्ती करते थे।

## लखनऊ से प्रतिदिन हो रही संचारी रोगों एवं दस्तक अभियान की निगरानी

**संवाददाता**
**लखनऊ ।** योगी सरकार प्रदेश में विशेष संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के प्रति न सिर्फ कड़े कदम उठा रही है, बल्कि निकायों में चलाए जा रहे अभियान की लखनऊ से प्रतिदिन मॉनिटरिंग भी की जा रही है। प्रत्येक निकाय में चलाए जा रहे अभियान को लेकर नगरीय निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों, जलकल विभाग, जल संस्थान के सभी महाप्रबंधकों एवं समस्त अधिशाषी, प्रभारी अधिकारी और नगर पालिका परिषद को प्रतिदिन किए गए कार्यों की रिपोर्ट निदेशालय को भेजने के लिए कहा गया है।
यही नहीं, प्रत्येक शनिवार और अभियान की समाप्ति के बाद संकलित रिपोर्ट निदेशालय के साथ ही शासन को भी उपलब्ध करायी जाएगी। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार जुलाई में पूरे उत्तर प्रदेश में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा दिमागी बुखार के प्रति जागरूकता लाने के लिए व्यापक पैमाने पर अभियान चला रही है। संचारी रोग अभियान की शुरूआत 1 जुलाई से हो चुकी है, जबकि दस्तक अभियान 17 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक डॉ. नितिन बंसल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, प्रत्येक निकाय में निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुरूप समस्त अधिकारी अपने-अपने निकायों के वार्डों के मोहल्लों में विशेष साफ सफाई, कचरा निस्तारण, सेनेटाइजेशन, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव, नालियों की सफाई, गार्बेज निस्तारण, हैण्डपम्प मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता एवं असुरक्षित जल का चिन्हिकरण, जल भराव रोकने तथा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए प्रभावी व समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कराएंगे। साथ ही ये भी कहा गया है कि अपने निकाय के क्षेत्रों में योजना के अनुसार अभियान के दौरान किए गए कार्यों व संपन्न गतिविधियों के संबंध में संकलित रिपोर्ट प्रतिदिन निदेशालय के ई-मेल व गूगल लिंक पर उपलब्ध करना सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक एवं अभियान समाप्ति के बाद रिपोर्ट को संकलित कर संचारी रोग इकाई स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय एवं शासन व निदेशालय को 5 अगस्त से पूर्व ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी योगी सरकार

## सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति आमजन को किया जाएगा जागरूक

**संवाददाता**
**लखनऊ ।** योगी सरकार 17 से 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा चलाएगी। इसका उद्देश्य मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाना व आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। वहीं मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सरकार ने अब सख्त रवैया भी अपनाया है। विभागों में दूसरी बार बिना हेलमेट कार्यालय आने वाले कर्मचारियों का प्रवेश निषिद्ध मानते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। वहीं पखवाड़े के तहत जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। इसमें जनपदीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लान तैयार कराकर पखवाड़े के अंत तक परिवहन आयुक्त को प्रेषित की जाएगी। पखवाड़े के अंतर्गत 15 दिन की कार्ययोजना भी तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत इससे जुड़े विभाग-परिवहन, गृह, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा व शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के आधार पर आयोजन किया जाएगा।पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटना में 5.5 प्रतिशत व दुर्घटना के मृतकों की संख्या में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सड़क दुर्घटना में दोपहिया वाहन चालकों की मृत्यु अधिक हुई है। यह स्थिति काफी चिंताजनक है। सरकार का विशेष ध्यान है कि मार्ग दुर्घटनाओं में कमी आए और लोग जागरूक हों। इसी क्रम में यह अभियान शुरू किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाने के लिए 15 दिन की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार उद्घाटन समारोह में सांसद, विधायक आदि जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाएगा। वहीं संबंधित विभागों के अफसरों को भी सम्मिलित किया जाएगा। परिवहन से जुड़े बस, ट्रक, ऑटो यूनियन, एनजीओ के पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा और उनसे भी राय ली जाएगी। वहीं स्कूलों में भी प्रार्थना के उपरांत छात्रों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देते हुए नियमों के पालन की शपथ दिलाई जाएगी। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले कर्मचारियों पर योगी सरकार काफी सख्त है। निर्देश दिया गया है कि समस्त विभागों के कार्यालय परिसर में बिना हेलमेट लगाए आने वाले समस्त कार्मिकों को सार्वजनिक रूप से सचेत किया जाएगा। कार्यालय परिसर में चेतावनी सूचक बोर्ड लगाया जाएगा। भविष्य में दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट लगाए कार्मिकों का प्रवेश निषिद्ध करते हुए उन्हें अनुपस्थित माना जाएगा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से सड़क सुरक्षा का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत अनेक आयोजन किए जाएंगे। इस अवधि में सेव लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से सभी 75 जनपदों में चालकों को सुरक्षित ड्राइविंग व फर्स्ट रेसपांडर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग की तरफ से मेडिकल कॉलेज के सर्जरी व हड्डी रोग विभाग की तरफ से मेडिकल व पैरामेडिकल छात्रों के लिए बेसिक व एडवांस लाइफ सपोर्ट से संबंधित कार्यशाला आयोजित की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। परिवहन विभाग के सहयोग से स्कूली वाहनों के चालकों की आंखों व स्वास्थ्य का भी परीक्षण होगा। प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी के माध्यम से बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण कराया जाएगा। स्कूलों में रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता के जरिए जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा भी कई कार्यक्रम होंगे।

## गोरखपुर-लखनऊ के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का ट्रायल

**लखनऊ।** वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मंगलवार को गोरखपुर से लखनऊ रूट पर पहला ट्रायल रन हुआ। देश की पहली स्वदेशी सेमी हाइस्पीड ट्रेन गोरखपुर से सुबह 6:05 बजे चली। इसे 10:20 बजे लखनऊ पहुंचना था, लेकिन 17 मिनट पहले 10:03 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंच गई। वंदे भारत ने गोरखपुर से लखनऊ का 296 किमी का सफर 3 घंटे 58 मिनट में पूरा किया। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 110 किलोमीटर प्रति घंटे रही। रेलवे चार्ट में सप्त क्रांति एक्सप्रेस का गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने का तय समय 4:55 घंटा है। वहीं, गोरखधाम एक्सप्रेस 04:50 घंटे, वैशाली एक्सप्रेस 05:05 घंटे और हमसफर का 5:15 घंटे में पहुंचना निर्धारित है। स्पीड ट्रायल के बाद रेलवे वंदे भारत एक्सप्रेस का टाइम टेबल और किराया जारी करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7 जुलाई को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी




दिखाएंगे। अभी तक के रूट के अनुसार, गोरखपुर-अयोध्या-लखनऊ होते हुए इसे चलाया जाएगा। वंदे भारत एक्सप्रेस का अभी प्रस्तावित समय गोरखपुर से सुबह 6:05 बजे चलने का है। लखनऊ पहुंचने का समय सुबह 10:20 बजे है। इसके बाद लखनऊ से शाम 7:15 बजे चलेगी। रात 9:13 बजे अयोध्या, 10:30 बजे बस्ती, फिर रात 11:25 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वंदे भारत एक्सप्रेस की सुरक्षा के लिए पहले के अतिरिक्त जवानों की तैनाती प्लेटफॉर्म पर की गई। वहीं रेलवे कंट्रोल रूम में एक वरिष्ठ अधिकारी को भी वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन के लिए तैनात किया जाएगा। हालांकि यह लखनऊ जंक्शन से चलेगी या गोमती नगर स्टेशन से, यह अभी तय नहीं हो पाया है। ट्रेन के डिब्बे चेन्नई में तैयार हुए हैं। सीट के नीचे चार्जिंग पॉइंट दिए गए हैं। आठ कोच की ट्रेन में अधिकतम 456 यात्री सफर कर सकते हैं। यात्री की सुविधा के लिए फर्स्ट ऐड बॉक्स रखा गया है। ट्रेन में क्रू मेंबर की कोच के पीछे खाना गर्म करने और पानी ठंडा रखने के लिए मशीन लगी है। अटेंडेंट की मदद से यात्रियों को गर्म खाना और ठंडा पानी मिल सकेगा। पूर्वांचल का गोरखपुर बड़ा केंद्र भी है। गोरखपुर स्टेशन से होकर सैकड़ों ट्रेन हर दिन आती-जाती हैं। हर ट्रेन का गोरखपुर में ठहराव भी है। यही कारण है कि पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन यह चाह रहा है कि इस रूट पर अधिक से अधिक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाए, जिससे कि यात्रियों को आरामदेह यात्रा का आनंद मिल सके।




## आजमगढ़ में किशोरी से गैंगरेप



**आजमगढ़ ।** शौच के लिए गई किशोरी से गैंगरेप के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पीड़िता के परिजनों ने तीन जुलाई को पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि आरोपी कल्लू उर्फ विनय यादव और मनोज उर्फ मकरी यादव ने बहन के साथ रेप किया है। आरोपियों की हरकतों से पीड़िता लोकलाज के कारण काफी परेशान है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा कर विवेचना शुरू कर दी। घटना में शामिल दोनों आरोपियों की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी। इसी तलाश के तहत पुलिस ने आज हिरासत में लेकर घटना में शामिल दोनों आरोपियों से पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया। मामले की विवेचना कर रहे महाराजगंज थाने के प्रभारी कमलकांत वर्मा ने बताया कि आरोपी मनोज उर्फ मकरी यादव और कल्लू उर्फ विनय यादव को टेढ़वा तिराहे के पास से हिरासत में ले लिया गया है। आरोपियों को न्यायालय भेजा जा रहा है जहां से जेल रवाना किया जाएगा। आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## कमरे में घात लगाए बैठा था भयानक जीव, देखते ही कांप गए घरवाले, बचाव के लिए बुलाई टीम

**संवाददाता**



**आगरा।** सिकंदरा क्षेत्र में रहने वाले एक परिवार के होश तब उड़ गए, जब घर में चार फीट की छिपकली को घूमते देखा। चार फीट लंबी छिपकली को देखकर घरवाले घबरा गए। पूरे मोहल्ले में हल्ला मचा तो दहशत फैल गई। इतनी बड़ी छिपकली को देखकर परिवार ने आनन-फानन में रेस्क्यू के लिए वाइल्ड लाइफ एसओएस को बुला लिया। कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने जंगली छिपकली को रेस्क्यू किया। आगरा के सिकंदरा बोदला रोड पर कारगिल चौराहे के पास बालेश्वर नगर कॉलोनी में रहने वाले पंकज शर्मा घर के अंदर बैठे थे तभी उनकी नजर दरवाजे पर गई देखा तो सामने से विशालकाय जंगली छिपकली घर के अंदर आ रही थी। जिसे देखकर उनकी चीख निकल गई। डरते-डरते वो कमरे से बाहर आए और उन्होने सभी सदस्यों को भी बाहर बुला लिया। तब तक जंगली छिपकली दरवाजे से लगी जाली से चिपक कर बैठ गई। शोर-शराबा सुनकर कॉलोनीवासी भी इकट्ठे हो गए। सबने मिलकर जंगली छिपकली को निकालने के लिए खूब प्रयास किए मगर वह टस से मस न हुई। सारी कोशिश बेकार जाने पर वाइल्ड लाइफ एसओएस की रैपिड रिस्पांस टीम को कॉल किया गया। थोड़ी ही देर में वाइल्ड लाइफ की टीम मौके पर पहुंच गई। सदस्य हातम सिंह, जंगली छिपकली को पकड़कर अपने साथ कीठम ले गए। इसके बाद ही कॉलोनीवासियों ने चैन की सांस ली।

# स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संवेदनशील है डबल इंजन की सरकार: सीएम

## सीएम योगी ने किया न्यू आनंदलोक हॉस्पिटल का उद्घाटन



**संवाददाता**
**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश की डबल इंजन सरकार आमजन, गरीबों व कमजोर तबके के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के प्रति संवेदनशील है। इस संवेदनशीलता का ही परिणाम है कि आज प्रदेश का हर जिला एक मेडिकल कॉलेज से जुड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में सरकार के प्रयासों के साथ ही निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने यह बातें मंगलवार को गोरखपुर में छात्रसंघ चौराहे के पास नवनिर्मित न्यू आनंद लोक हॉस्पिटल के उद्घाटन समारोह में कहीं। हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का क्षेत्र काफी विस्तृत क्षेत्र है। केवल सरकार के भरोसे रहकर इस क्षेत्र में सफलता नहीं हासिल की जा सकती है। सरकार के साथ निजी क्षेत्र की सहभागिता भी जरूरी हैम उन्होंने कहा कि 9 वर्ष पूर्व समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के लिए किसी प्राइवेट या कारपोरेट हॉस्पिटल में उपचार कराना कठिन था। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति भी सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों के साथ ही निजी व कारपोरेट



हॉस्पिटलों में इलाज करा सकता है। उन्होंने बताया कि देश में 50 करोड़ जरूरतमंदों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 वर्ष पूर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की क्या स्थिति थी,इसे सभी जानते हैं। गोरखपुर का एकमात्र बीआरडी मेडिकल कॉलेज भी बीमार हो चला था। आज सरकार की संवेदनशीलता से बीआरडी मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सेवा शुरू हो चुकी है तो गोरखपुर में एम्स भी बन गया है। निजी क्षेत्र में भी अनेक हॉस्पिटल आए हैं जिन्होंने बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ा चुकी है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में ही देखें तो देवरिया, सिद्धार्थनगर, बस्ती में मेडिकल कॉलेज बन चुका है। कुशीनगर में इसका निर्माण चल रहा है। महाराजगंज में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 1947 से लेकर 2017 तक प्रदेश में मात्र 12 गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज थे। 2017 से 2022-23 के बीच 59 नए मेडिकल कॉलेज का निर्माण या तो पूरा हो चुका है या निर्माण चल रहा है। शेष बचे 16 जिलों में से 4 जिलों में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना कराई जा रही है।

## नवविवाहिता ने सास से झगड़े के बाद कुएं में कूद कर की आत्महत्या

**संवाददाता**
**भदोही ।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में एक नवविवाहिता ने अपनी सास से हुए विवाद के बाद कथित तौर पर कुएं में कूद कर आत्महत्या कर ली। पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने सोमवार को बताया कि औराई थाना क्षेत्र के खमरिया इलाके में रहने वाली नवविवाहिता संतोषी देवी (18) रविवार देर शाम अपनी सास संतरा देवी से हुए झगड़े के बाद घर में ही बने कुएं में कूद गई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने देर रात शव को कुएं से बाहर निकाला और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने बताया कि रविवार देर शाम को सास-बहू में विवाद इस कदर बढ़ा कि संतोषी देवी ने घर में ही बने कुएं में छलांग लगा दी। सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतका की माँ सिंगोरा देवी ने सोमवार को संतोष यादव और उसकी माँ संतरा देवी के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।